


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 320/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■ आर.एन.आई 22296/71 ■ डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 06 जुलाई 2024 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in




## सांध्यप्रकाश विशेष





कांग्रेस विधायक दल की ओर से विपक्ष के नेता उमंग सिंगार और सचिन यादव नर्सिंग घोटाले की शिकायत करने राजभवन पहुंचे और राज्यपाल मंगू भाई पटेल को ज्ञापन सौंपा। मंत्री विश्वास सारंग को इस घोटाले का सरगना बताया और बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने मंत्री के खिलाफ सबूत पेश किए।

## हार के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया, पत्नी का हाथ थाम पीएम आवास से निकले



**लंदन।** ब्रिटेन के आम चुनाव में मिली बड़ी हार के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया. वो जल्द ही कंजर्वेटिव नेता का पद भी छोड़ देंगे. इस बीच सुनक के ब्रिटेन के पीएम के सरकारी आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट छोड़ने की भावुक तस्वीरें भी सामने आयी हैं, जहां वो हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं और पत्नी अक्षता मूर्ति उनका इंतजार कर रही हैं, फिर दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर पीएम आवास छोड़कर चले जाते हैं।



डाउनिंग स्ट्रीट में प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने दिए गए एक संक्षिप्त भाषण में सुनक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, मैंने इस काम के लिए अपना सब कुछ दिया है, लेकिन आपने यूनाइटेड किंगडम की सरकार को बदलने का जनादेश दिया है, आपका निर्णय ही मायने रखता है। सुनक ने कहा, मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं. सभी कंजर्वेटिव उम्मीदवारों और प्रचारकों ने अथक परिश्रम किया, लेकिन सफलता नहीं मिली, मुझे खेद है कि हम जीत नहीं दिला पाए।

सुनक ने अपनी पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए मतदाताओं से माफ़ी मांगी. उन्होंने कहा कि कंज़र्वेटिव शासन के 14 वर्षों के दौरान यूनाइटेड किंगडम तेजी के साथ आगे बढ़ा। सुनक ने किंग चार्ल्स को अपना इस्तीफा सौंपने के लिए बकिंघम पैलेस के लिए रवाना होने से पहले कहा, ये एक कठिन दिन है, लेकिन मैं इस पद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देश का प्रधानमंत्री होने का सम्मान देते हुए छोड़ रहा हूं।

## केंद्र सरकार में सेक्रेटरी अलका उपाध्याय अवकाश पर, निधि खरे के पास रहेगा प्रभार



**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1990 बैच की मध्य प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी अलका उपाध्याय सोमवार से अवकाश पर जा रही है। कंज्यूमर अफेयर्स विभाग की सेक्रेटरी 1992 बैच की आईएएस अधिकारी निधि खरे के पास अलका उपाध्याय की अवकाश अवधि में एनिमल हसबेंडरी और डेयरी विभाग के सेक्रेटरी का प्रभार अतिरिक्त रूप से रहेगा। इस संबंध में डीओपीटी ने आदेश जारी किए हैं।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान: कलेक्टर रुचिका चौहान ने माताजी के साथ रोपा पौधा

**ग्वालियर।** कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश के बीच कलेक्ट्रेट की सुरम्य पहाड़ी पर शासकीय सेवकों ने अपने परिजनों के साथ सामूहिक रूप से विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। शासकीय सेवकों ने उत्साहपूर्वक पौधे रोपकर संदेश दिया कि ग्वालियर को हरीतिमा की चादर ओढ़ाने में हम सब भी कंधे से कंधा मिलाकर सहभागी बनेंगे। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आयोजित हुए इस सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अपनी माताजी श्रीमती मीना चौहान के साथ सप्तपर्णी का पौधा रोपकर किया। कलेक्ट्रेट की तलहटी से लेकर कलेक्ट्रेट के मुख्य प्रवेश द्वार तक के मार्ग पर दोनों ओर पौधे रोपने का काम शुक्रवार को किया गया।



कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि ग्वालियर में अधिक गर्मी व कम वर्षा होने के पीछे पेड़ों की कमी एक प्रमुख वजह है। वर्तमान पर्यावरण में सुधार हो और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण मिले, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए शासकीय सेवक भी अपने कार्यालय परिसर में ही नहीं घर के आस-पास व अन्य स्थानों पर भी पौधे रोपें और उनकी रक्षा करें। वृक्षारोपण का कार्य हर साल लगातार चलता रहना चाहिए। उन्होंने शासकीय सेवकों का आह्वान करते हुए कहा कि आप सब एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करें, जिससे समाज में पेड़ लगाने व उनकी रक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश पहुँचे।




# जम्बूरी मैदान में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारम्भ

## दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष की मान्यता, इसलिए एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं: मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में प्रदेश के हर नागरिक की भागीदारी होनी चाहिए। वृक्ष की वेदों में महत्ता गाई है। दस कुओ के बराबर एक बावड़ी, दस पौधे बराबर एक बावड़ी, दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष की मान्यता है। हमारी संस्कृति में पेड़ में, पत्ते में भावना जुड़ी है। देश का 35 प्रतिशत वन हमारे यहां है। साढ़े पांच करोड़ पौधे इस साल वन विभाग के साथ मिलकर लगाने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाए। इससे पर्यावरण का संरक्षण भी होगा और जल संकट भी रुकेगा। 12 लाख भोपाल में और इंदौर 51 लाख पौधे लगेंगे। जबलपुर में 12 लाख पौधे लगने वाले हैं। यह संकल्प सभी के सहयोग से पूरा होगा। इंदौर में 14 जुलाई तक 51 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस मौके पर जंबूरी मैदान पर आयोजित एक पेड़ मां के नाम- बृहद पौधा रोपण कर अभियान के अंतर्गत आंवले का पौधा लगाया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष बीजेपी सुमित पचौरी सहित जनप्रतिनिधि विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।



### पौधारोपण से व्यापारी समेत हर वर्ग को जोड़ा

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया, पौधारोपण अभियान से सामाजिक संगठन, शैक्षणिक संस्थाएं और व्यापारियों समेत आमजनों को भी जोड़ा गया है। नगर निगम, वन विभाग और जिला पंचायत सबसे ज्यादा पौधे लगाएगा। पौधे लगाने के बाद नागरिक अपनी फोटो मेरी लाइफ पोर्टल में भी अपलोड कर सकेंगे।

भोपाल में एक दिन में 12 लाख पौधे लगेंगे। यह दिन डॉ. श्यामाप्रसाद जी मुखर्जी की जयंती का है। डीएफओ आलोक पाठक ने बताया कि वन विभाग ज्यादातर पौधे जंगल में लगाएगा। आम, नीम, बरगद, पीपल आदि किस्म के पौधे लगाएंगे। नगर निगम में एक लाख 20 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा।

## मप्र भाजपा कार्यसमिति की बैठक कल, अमित शाह आएंगे

**भोपाल।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मध्यप्रदेश आएंगे और 7 जुलाई को बुलाई गई बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में सदस्यता अभियान और संगठन चुनाव पर चर्चा होगी। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी इस बैठक में शामिल हो सकते है। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार गृहमंत्री अमित शाह मप्र आ रहे है। हालांकि, बीजेपी की तरफ से अब तक गृहमंत्री अमित शाह के भोपाल कार्यक्रम तय होने की अधिकृत जानकारी नहीं दी है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का कार्यक्रम निर्धारित हो गया है।



मप्र भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार 7 जुलाई को होने जा रही है। लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश कार्य समिति की यह पहली बैठक होगी। लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने सभी 29 सीटों पर बंपर जीत हासिल की है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद बीजेपी वर्किंग कमेटी की बैठक होने जा रही है। रविवार को भोपाल में होने जा रही भाजपा की कार्यसमिति की बैठक में विधानसभा और लोकसभा में जीत का जश्न भी मनेगा।

एमपी में अब तक की सबसे बड़ी चुनावी सफलता के बाद बीजेपी वृहद कार्यसमिति के रूप में आयोजित करेगी। भोपाल के रविंद्र भवन में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लगभग दो हजार पदाधिकारी और नेता शामिल होंगे। इसमें मंडल प्रभारियों को भी बुलाया गया है। बैठक में संगठन चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही बीजेपी सदस्यता अभियान की तारीख और कार्यक्रम तय किए जाएंगे। दो हजार पदाधिकारी और नेता शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार प्रदेश कार्य समिति की बैठक में लोकसभा और राज्यसभा सांसद, सभी विधायक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, मीडिया प्रभारी, सह-प्रभारी और प्रवक्ता, प्रदेश आईटी व सोशल मीडिया संयोजक, सह-संयोजक, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठ संयोजक, विभाग संयोजक,महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष को बुलाया गया है।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज आदमपुर छावनी में वृहद पौध रोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया उनके साथ इस दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक हुजूर रामेश्वर शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन आने वाली पीढ़ी के लिए संकल्प लेने का है उन्होंने कहाँ वृक्ष हैं तो जल है, और जल है तो जीवन है। मंत्री श्री पटेल ने सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने अपील की।

## राहुल का अहमदाबाद दौरा, हिंदू संगठनों ने पुतले जलाए



**अहमदाबाद।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार दोपहर करीब 1 बजे अहमदाबाद पहुंचे। राहुल के पहुंचने से पहले ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने उनके पुतले जलाए। दोनों दलों के कार्यकर्ता संसद में राहुल के कथित हिंदू विरोधी बयान का विरोध कर रहे हैं।

## पेपर लीक विवाद के बीच टाली गई नीट-यूजी की काउंसलिंग, नई तारीख का एलान नहीं

**नई दिल्ली।** नीट यूजी के लिए काउंसलिंग को मेडिकल काउंसलिंग कमीशन यानी एमसीसी ने स्थगित कर दिया है। काउंसलिंग की कोई नई डेट जारी नहीं की गई है। नीट-यूजी की ऑल इंडिया कोटा सीट्स यानी ढ्ढक्क काउंसलिंग आज से शुरू होने वाली थी।



11 जून को सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक लगाने की मांग की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस असदुद्दीन ने सुनवाई के बाद काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद 20 जून को एक और याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक लगाने से दोबारा इनकार किया था।



केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज थिरूवेल्लोर तमिलनाडु में आयोजित तमिलनाडु प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित किया। मंच पर भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद मेनन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## कांग्रेस कमेटी ने शुरू की हार के कारणों की समीक्षा




**भोपाल।** मप्र कांग्रेस कमेटी ने हार के कारणों पर समीक्षा करना शुरु कर दिया है। प्रदेश प्रभारी भवर जीतेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष भी बदला गया,पार्टी ने नेतृत्व जरुर बदल दिया लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की और बुरी हार हुई और भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में क्लीन स्वीप कर दिया। जिसके बाद कांग्रेस में अध्यक्ष के बदलने को लेकर आवाज उठने लगी लेकिन केन्द्रीय नेतृत्व के पास ऐसा कोई चेहरा नहीं था जिसे प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सके लिहाजा जीतू पटवारी को आगे और मौका देने का फैसला किया गया है। अब कांग्रेस पार्टी प्रदेश कार्यालय का वास्तुदोष ठीक करा कर एक बार फिर पार्टी को मजबूत करने में जुट गई है।

# 16 राज्यों में आज-कल भारी बारिश का अलर्ट

## असम में तबाही, उत्तराखंड-हिमाचल में भूस्खलन का कहर, अमरनाथ यात्रा रोकी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा शनिवार (6 जुलाई) को रोक दी गई है। पवित्र गुफा तक जाने वाले पहलगाम और बालटाल, दोनों रूट पर कल रात से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। यात्रियों को वापस उनके बेस कैंप भेजा जा रहा है। मौसम में सुधार के बाद यात्रा फिर से शुरू होगी।



29 जून से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को खत्म होगी। 3,800 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर में अब तक 1.50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। हालांकि, अमरनाथ यात्रा शुरू होने के सातवें दिन यानी 5 जुलाई को ही बाबा बर्फानी अदृश्य हो गए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है। अब यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा के ही दर्शन होंगे। उत्तराखंड में भारी बारिश और लैंडस्लाइड के कारण डोलिया देवी (फाटा) में रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड और ऋषिकेश से बद्रीनाथ जाने वाला नेशनल हाईवे 107 और 58 ब्लॉक हो गया है। सड़क पर जगह-जगह मलबा जमा है, जिसके कारण आवागमन बाधित है।

### असम में बारिश-बाढ़ से अब तक 62 की मौत, 3 लापता

असम में बारिश, बाढ़, तूफान और लैंडस्लाइड में जान गंवाने वालों का आंकड़ा 62 पहुंच गया है। 3 लापता हैं। बाढ़ के कारण 29 जिलों में 22 लाख लोग प्रभावित हैं। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में बाढ़ के कारण 77 जानवरों की मौत हो चुकी है। 94 जानवरों का अब तक रेस्क्यू किया गया है।

### आज 15 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

IMD ने शनिवार (6 जुलाई) के लिए 28 राज्यों- उत्तराखंड, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, असम, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, ओडिशा, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, राजस्थान, केरल, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में आज से अगले तीन दिन तक भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज देश के 15 राज्यों में तेज बारिश होने की संभावना है।

# आमजन को कचरा पृथक्कीकरण के महत्व से अवगत कराए और अपने शहर को सबसे स्वच्छ शहर बनाएं : महापौर

## स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मापदण्डों की जानकारी देने आयोजित बैठक में पार्षदों से किया आव्हान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महापौर मालती राय ने जनप्रतिनिधियों का आव्हान किया है कि वह स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय तौर पर सहभागिता करें साथ ही आमजन को कचरा पृथक्कीकरण की महत्ता से अवगत करें और अपने शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने में सहयोग करें। महापौर श्रीमती राय ने यह आव्हान स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मापदण्डों की जानकारी देने हेतु गोविन्दपुरा, नरेला एवं हुजूर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पार्षदगण की बैठक में किया। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मापदण्डों/दिशा निर्देशों के संबंध में पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य आर.के.सिंह बघेल, राजेश हिंगोरानी, अशोक वाणी, आनन्द अग्रवाल, जीतेन्द्र शुक्ला, छाया ठाकुर सहित अन्य पार्षदगण मौजूद थे।

महापौर मालती राय ने शुक्रवार को आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय के सभाकक्ष में गोविन्दपुरा, नरेला एवं हुजूर विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले वार्डों के पार्षदगण की बैठक आहूत की। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने हेतु निर्धारित मापदण्डों एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट 2016 अधिनियम के प्रावधानों अनुसार स्वच्छता की विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित अंकों एवं स्वच्छ सर्वेक्षण में सिटीजन फीडबैक घटक में जनप्रतिनिधियों की भूमिका के संबंध में पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। महापौर ने समस्त जनप्रतिनिधियों का आव्हान किया कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मापदण्डों अनुसार स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय रूप से सम्मिलित हों और अन्य नागरिकों को भी स्वच्छता बनाये रखने तथा निर्धारित मापदण्डों अनुसार कचरा को अलग-अलग रखने, अलग-अलग कचरा वाहन को ही देने सहित अन्य गतिविधियों के संबंध में जानकारी देकर प्रेरित करें। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि हमें कचरा उत्सर्जन स्थल पर ही कचरे के पृथक्कीकरण पर विशेष ध्यान देना है ताकि शहर में कचरा निष्पादन हेतु संचालित कचरा ट्रांसफर स्टेशनों, 400 टन गीले कचरे के निष्पादन हेतु बायो सीएनजी प्लांट एवं 400 टन सूखे कचरे के निष्पादन हेतु चारकोल संयंत्र को सार्थक बनाया जा सके।

बैठक में पार्षदगण ने विश्वास दिलाया कि वह कचरा पृथक्कीकरण, सिटीजन फीडबैक सहित स्वच्छता की अन्य गतिविधियों में स्वयं भी सक्रिय सहभागिता निभायेंगे और अपने क्षेत्र के नागरिकों को भी इस हेतु प्रेरित करते हुए अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बनायेंगे।

## निगम अध्यक्ष ने गिन्नौरी पार्क में किया पौधरोपण



**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत प्रारंभ किए गए ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने गिन्नौरी स्थित पार्क में पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत अधिक से अधिक पौधरोपण हेतु नागरिकों से आव्हान किया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष श्रीमती पूजा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे। निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने शुक्रवार को ''एक पेड़-माँ के नाम'' अभियान के तहत वार्ड क्र. 22 के अंतर्गत गिन्नौरी स्थित पार्क में पौधरोपण किया। इस अवसर पर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रारंभ किए गए अभियान ''एक पेड़-माँ के नाम'' को हमें सफल बनाना है और अधिक से अधिक पौधे लगाना है। श्री सूर्यवंशी ने नागरिकों से अभियान से आव्हान किया कि ''एक पेड़-माँ के नाम'' अभियान के तहत अपने समीपस्थ खुले स्थानों पर अधिक से अधिक पौधरोपण करें और अन्य नागरिकों को भी प्रेरित करें।

## कमला पार्क स्थित प्रतिमा के समक्ष अग्रसेन महाराज की चतुर्थ महाआरती कल



**भोपाल।** आईटीसी पार्क कमला पार्क स्थित भगवान अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष अग्रसेन महाराज की चतुर्थ महाआरत का आयोजन 7 जुलाई को शाम 6 बजे किया गया है। आयोजक भगवान श्री अग्रसेन महाराज समिति एवं समस्त अग्रबंधु है। सभी के सहयोग से भोपाल में भगवान श्री अग्रसेन महाराज जी की महाआरती प्रारंभ करने का जो संकल्प लिया गया था। उसे सभी अग्रबंधुओं के सहयोग से साकार होता जा रहा है। इसी श्रृंखला को यथावत रखते हुए चतुर्थ महाआरती का आयोजन होने जा रहा है।

# स्व. थद्धाराम ज्ञानचंदानी की 36वीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई



### परमहंस संत हिरदाराम साहिब के परम शिष्य थे स्व. थद्धाराम-विष्णु गेहानी

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में पूर्व उप महापौर स्व. थद्धाराम ज्ञानचंदानी की 36वीं पुण्यतिथि गरिमा के साथ मनाई गई। पंचायत महासचिव माधू चांदवानी ने स्व. थद्धाराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने उद्बबोधन में बताया कि स्व. थद्धाराम ज्ञानचंदानी महान शख्सियत के धनी थे। वे परमहंस संत हिरदाराम साहिब के परम शिष्य थे तथा गुणवान, संस्कारवान, दयावान, निष्ठावान एवं नेक इंसान थे। इस अवसर पर हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि हम अपने पिताजी के बताए मार्ग पर चलकर सेवा भाव का कार्य कर रहे है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिलोक दीपानी ने कहा कि संत हिरदाराम नगर के विकास में स्व. ज्ञानचंदानी का अविस्मरणीय योगदान रहा। उप महापौर रहते हुए उन्होंने कई समस्याओं का निराकरण कराया। पं. मुकेश महाराज ने कहा कि स्व. ज्ञानचंदानी सरल सहज और व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने हमेशा जनता के काम किए तथा राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया राजनीति में रहकर उन्होंने कभी भी अहंकार नहीं किया। इस अवसर पर पार्षद अशोक मारण ने कहा कि स्व. थद्धाराम ज्ञानचंदानी ने संत हिरदाराम नगर में विकास की गंगा बहाई उन्होंने पानी की समस्या हल के लिए ओवर टेंक का निर्माण करवाया। कम्युनिटी हाल का निर्माण व ट्रेन के स्टापेज करवाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे अंत में दो मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## दादाजी धाम से पंडित पंकज शर्मा ने वृद्धों की सेवा कर कराया भोजन



संत हिरदाराम नगर। सनातन धर्म में संस्कृति, परंपरा और मानवीय मूल्यों का का बड़ा महत्व है। हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। परिवार की रीढ़ हैं। वे हमारे जीवन दाता है। उनके ज्ञान और अनुभव से विकसित हुई सभ्यता से ही हम आज यहां तक पहुंच सके हैं। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इसलिए हमेशा वृद्धो की सेवा करनी चाहिए और उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। उक्त उद्गार दादाजी धाम के पंडित पंकज शर्मा ने व्यक्त किए। पंडित पंकज शर्मा वृद्ध आश्रम में वृद्धो की सेवा के लिए पहुंचे थे। उन्होंने वृद्धो को थाली परोसकर भोजन कराया और उनके बीच खुशियां बांटी। उल्लेखनीय है कि पंडित पंकज शर्मा सामाजिक सरोकार के तहत युवा, महिला, गरीब, बच्चे और बुजुर्गों की सेवा के लिए विभिन प्रकल्प चलाते हैं। वे वर्षों से आसरा वृद्ध आश्रम आ रहे हैं और बुजुर्गों के बीच खुशियां बांट रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ दादाजी परिवार के रमेश मिश्रा, पंडित राकेश चतुर्वेदी, अतुल चतुर्वेदी, हरि नामदेव व राजीव गुलाटी, आर.डी चैधरी, विक्रांत शर्मा, रोहित शर्मा, कार्तिक शर्मा, अतुल शर्मा, डॉ अंकुर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बाबा अमरनाथ सेवा समिति के सात जत्थे जाएंग, 448 लोग सम्मिलित होंगे



**भोपाल।** श्री बाबा अमरनाथ सेवा समिति के बैनर तले श्री बाबा अमरनाथ के दर्शन हेतु 62 लोगों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए भोपाल से गया जिसका नेतृत्व समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास टाले गुर्जर द्वारा किया जा रहा है साथ में भारत सिंह समिति के पदाधिकारी और 62 लोगों के साथ वार्ड 53 के पार्षद प्रताप बारे और उनकी टीम महिला मंडल में सुषमा टाले निसर्ग टाले साथ में सभी भोले भक्त जा रहे हैं समिति की 15 वीं यात्रा है समिति के पदाधिकारी जेपी विश्वकर्मा हेमा विश्वकर्मा द्वारा अन्य पदाधिकारी द्वारा खुशी-खुशी तिलक लगाकर विदाई दी गई। यात्रा में सावित्री तिवारी रोहित मालाकार श्रीमती दीप्ति मालाकार सीताराम बिरला अर्चना बिरला राजकुमार सैनी अमित रायकवार रश्मि रायकवार पार्थ मालाकार नर्मदा प्रसाद दिनेश शिंदे आदि श्रद्धालु सम्मिलित हुई

## साख संस्था अध्यक्ष वर्मा बने यूनियन के अध्यक्ष, यादव बने उपाध्यक्ष

**संत हिरदाराम नगर।** सिविल एविएशन सहकारी साख संस्था मर्यादित राजाभोज एयरपोर्ट भोपाल के निर्वाचन में 11 संचालक निर्विरोध चुने गए हैं। संस्था में कुल 90 सदस्य है। संचालक मण्डल के चुनाव में सोसायटी के अध्यक्ष पद पर डी. एस. वर्मा, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ यादव, अरविंद सिंह, भोपाल कोआपेरिव बैंक लिमिटेड प्रतिनिधि शिव गोपाल पटेल , जिला सहकारी प्रतिनिधि नरेंद्र ढोकने सहित अन्य संचालक शेखर जगताप, गायत्री सोनी, शालिनी प्रियाबंदा, शेख मकबूल, अखिलेश यादव, सागर बोरकर संचालक नियुक्त हुए है। सिद्धार्थ यादव ने बताया कि डी. एस. वर्मा पूर्व में अध्यक्ष रह चुके है उन्होंने सोसायटी के सदस्यों को जोड़ने और संस्था को ऊँचाई प्रदान करने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है आज साख संस्था भी फायदे में है और सभी सदस्यों को वित्त प्रदान करने के मामले में अग्रणी है। इस अवसर पर भोपाल एयरपोर्ट पर विमानपत्तन निदेशक सहित सभी संस्था और यूनियन के सदस्यों ने बधाई दी।



## विद्युत विभाग वृत भोपाल के अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण



**भोपाल।** पूरे प्रदेश में करोड़ों की संख्या में वृक्ष लगाने के अभियान के तहत विधुत विभाग वृत भोपाल के अधिकारीयो एवं कर्मचारीयो के द्वारा संभागीय कार्यालय चाँदबड भोपाल के प्रांगण में फलदार,छायादार पौधे आम, जामुन, अनार, अवाला, पीपल,अमरुद,बेल,मोसंवी आदि का वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के दोरान वृत कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी महाप्रबंधक प्रदीप सिंह चौहान उपमहाप्रबंधक पंकज यादव एस.टी सी उपमहाप्रबंधक आफताब ,उपमहाप्रबंधक एन एस चौहान एस.टी.सी प्रबंधक सतेन्द्र सिंह मालिक, संभाग प्रबंधक मनीष एवं समस्त एस.टी.सी एवं संभागीय कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती से अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज पदाधिकारियों ने की भेंट

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज आज भोपाल प्रवास पर झारनेश्वर मंदिर पधारे जहां पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने उनका स्वागत किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र मिश्रा ने शंकराचार्य स्वामी से सनातन धर्म के लिए संरक्षण और प्रसार के बारे में चर्चा की। उन्होंने आजकल सनातन धर्म के प्रति अराजक तत्वों द्वारा की जा रही टीका टिप्पणीयों के बारे में जगतगुरु शंकराचार्य से मार्गदर्शन लिया । मिश्रा ने कहा कि अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज हमेशा से सनातन धर्म के प्रति समर्पित संगठन है जगतगुरु शंकराचार्य के मार्गदर्शन में सनातन धर्म के बारे में लोगों को जागरूक करने एवं सनातन धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने का काम करेगा।

शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज ने अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल को साधुवाद देते हुए कहा कि अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा सनातन धर्म के लिए किया जा रहा पुनीत कार्य सराहनी है एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए जो भी मार्गदर्शन रहेगा उसके लिए वह सहयोग करते रहेंगे । मुख्य रुप से पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधायक पीसी शर्मा,अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र मिश्रा,राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र मिश्रा, प्रत्युष त्रिपाठी, समदड़िया, राजा मिश्रा,अंकित मिश्रा,अंशुल मिश्रा, अखिलेश, ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी आशीष द्विवेदी एवं सभी पदाधिकारी बंधु उपस्थित रहे।

## सद्भावना का पैगाम देकर मनाया बौद्ध धर्म गुरु का जन्म दिवस



**भोपाल।** बौद्ध धर्म गुरु शाक्य पुत्र भंते सागर थेरो के जन्म दिवस के मौके पर बौद्ध महा विहार में बौद्ध धर्म उपासक उपासिका द्वारा जन्म उत्सव का आयोजन किया। जिसमें सभी धर्मों के धर्म गुरुओं, समाज सेवियों, राज नेताओं एवं बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने भाग लेकर भंते शाक्य पुत्र सागर थेरो को जन्म दिवस की बधाई दी एवं आपसी एकता भाई चारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बौद्ध धर्म के अन्य धर्म गुरुओं एवं मध्यप्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच के पदाधिकारियों ने विशेष रूप से कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें सिख समाज से गुरुचरण सिंह अरोड़ा, सिख धर्म गुरु ज्ञानी गुरूवेन्द्र सिंह, हाजी मोहम्मद इमरान हारून एवं नगर निगम महापौर मालती राय, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, मुफ्ती मोहम्मद राफे अली, नगर निगम पार्षद एवं महत्वपूर्ण लोगों ने भाग लेकर भंते को जन्म दिवस की बधाई दी। इस मौके पर उनके शिष्य भंते राहुल का भी 4 जुलाई एक ही दिन में जन्म दिवस होने पर उन्हें भी जन्म दी बधाई दी गई।



# एक पेड़ मां के नाम प्रदेशव्यापी अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को जंबूरी मैदान में एक पेड़ मां के नाम प्रदेशव्यापी अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# पहली बार कार्यसमिति बैठक में शामिल होंगे 1099 मंडलों के अध्यक्ष

**विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की रविवार को होने वाली बैठक को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी ने शुक्रवार को पत्रकारवार्ता को संबोधित किया एवं 7 जुलाई को प्रात: 11 बजे से आयोजित होने वाली पार्टी की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति बैठक की जानकारी मीडिया से साझा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार सफलता हासिल करते हुए 163 सीटें जीतकर सरकार बनाई है। वहीं, लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए सभी 29 सीटें जीती हैं और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। दोनों ही चुनावों में भाजपा को प्रदेश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है और कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में इस प्रचंड विजय के लिए प्रदेश की जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देंगे।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए श्री सबनानी ने बताया कि बैठक में प्रदेश के सभी 6 केंद्रीय मंत्रियों एवं नव निर्वाचित सांसदों का सम्मान किया जाएगा। इस बैठक में देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने तथा मध्यप्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों पर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से संगठन के स्तर पर काम किया गया, उसका विश्लेषण प्रस्तुत किया जाएगा। केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार तथा पार्टी संगठन के कार्यों पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा भी की जाएगी। सबनानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में नवाचार की परंपरा रही है। इसी के अनुरूप प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भी अधिकांश कामकाज डिजिटल तकनीक पर ही आधारित होगा। बैठक के लिए प्रतिभागियों का पंजीयन डिजिटली होगा। इसके अलावा बैठक में जो प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए जाएंगे, पीपीटी प्रस्तुतियां होंगी, वो भी डिजिटल ही होंगे।

## सी.एम. हेल्पलाइन में उत्कृष्ट ग्रेडिंग पाने वाले निकायों को आयुक्त ने जारी किए प्रशंसा-पत्र

**भोपाल।** आयुक्त, नगरीय विकास एवं आवास श्री भरत यादव ने सी.एम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट ग्रेडिंग पाने वाले निकायों को प्रशंसा-पत्र जारी किए हैं। श्री यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निकायों के अधिकारियों से कहा है कि वे भविष्य में भी इसी तरह निष्ठा और समर्पण से कार्य करते रहें। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत अंक पाने वाले नगर निगमों में बुरहानपुर, छिन्दवाडा और सिंगरौली सम्मिलित हैं। जिला शहरी विकास अभिकरण बैतूल व सीहोर को भी प्रशंसा पत्र दिया गया है। वहीं आष्टा, सेंधवा, बडवानी, औबेदुल्लागंज, कोलारस, थांदला, आमला, छापीहेडा, भेंसदेही, शाहपुर, खुजनेर, सिरमौर को शत-प्रतिशत अंक पाने के लिए प्रशंसा-पत्र जारी किया गया हैं। नगर पालिका परिषदों की श्रेणी में उच्च प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले नगरों के अर्न्तगत सीहोर, बैतूल और वारासिवनी को कम से कम 40 शिकायतों के समाधान के लिए एवं इंदरगढ़, बनखेडी एवं कोठरी नगर परिषद को कम से कम 20 शिकायतों के समाधान के लिए प्रशंसा-पत्र दिया गया है। इन निकायों में मानपुर (जिला उमरिया), जामई, महिदपुर, वनगवां (राजनगर), बरगवां, नौगांव, सुरखी, पथरिया, लोहारदा, करही पन्डिल्या खुर्द आदि शामिल हैं।

## सीईओ पहुंची धरना स्थल पर नहीं बनी बात



**सुल्तानपुर।** जिला सीईओ अंजू भदोरिया ने पहुंच कर धरना प्रदर्शन कर रहे सचिव रोजगार सहायक जनपद सदस्य से सामंजस बैठने की बात कही परंतु सचिवों ने मैडम के स्थानांतरण को लेकर बात रखी जिला सीईओ ने गंभीर गंभीरता पूर्वक प्रदर्शनकारियों की बात सुनीं और कहा कि काम प्रभावित होने के कारण आपकी बात को जिला कलेक्टर के समक्ष आपकी बात रखी जाएगी ज्ञात रहे इन इस प्रदर्शन के कारण भोजपुर विधानसभा की लगभग 71 पंचायत का काम प्रभावित हो रहा है। जिला सीईओ एवं प्रदर्शनकारियों के बीच कोई बात नहीं बनी। धरने पर सचिव महेंद्र सिंह चौहान नरेंद्र परमार रामविलास मरकाम सुरेश मरकाम रामनाथ गौर अब्दुल सगीर अब्दुल सलीम राशिद खान विशाल कीर शुमैला खान पूरन सिंह राजपूत शिवदयाल कुशवाहा विनोद सिंह इमरत सिंह मीणा आदि कई कर्मचारी बैठे है।

# हेल्थ सेक्टर में मप्र करेगा टॉप, उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताई योजना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार राज्य के लोगों को हर तरह की सुविधा और व्यवस्था दिलाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। प्रदेश सरकार राज्य की जनता के लिए बेहतर शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए नए-नए आयाम तलाश रही है। इसी सिलसिले में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल गुरुवार को एक टीवी के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने मोहन यादव सरकार के विजन के बारे में बताया। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जिद, जुनून और जज्बे के साथ टीम स्पिरिट के काम करके मध्य प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के सेक्टर में टॉप पर ले जाएंगे।

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के वर्तमान बजट में पिछले साल के मुकाबले हेल्थ सेक्टर को 34 प्रतिशत ज्यादा राशि का प्रावधान रखा गया है। हेल्थ सेक्टर के बजट में हुई यह वृद्धि सरकार की प्रथामिकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से हर नागरिक तक



बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंचाने का काम किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के लिए पिछले साल की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक बजट का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि हेल्थ सेक्टर में सेवाओं की व्यवस्था पर गहन मंथन कर गैप एनालिसिस किया गया है। इन कमियों की पूर्ति के लिए योजनाबद्ध तरिके से प्रयास किए जा रहे हैं।

इसके साथ ही डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टेण्डर्ड (ढ्ढक्क॥स्) के मापदंडों को लागू किया जा रहा है। सरकार ने 46 हजार से अधिक नए पदों का सृजन किया गया है। आने वाले 2 वालों में इन पदों की पूर्ति के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही सरकार मेडिकल स्टडी की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में साल 2003 में मात्र 5 सरकारी मेडिकल यूनिवर्सिटी ही थी। वहीं आज प्रदेश में 14 सरकारी मेडिकल यूनिवर्सिटी चल रही हैं। वहीं आने वाले 2 साल में 8 नए मेडिकल यूनिवर्सिटी शुरू करने पर भी सरकार काम कर रही है।

## मध्यप्रदेश को मिला घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार



भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य को घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य पुरस्कार प्राप्त हुआ है। प्रदेश को मेलों और त्यौहारों को बढ़ावा देने के लिए भी सर्वश्रेष्ठ राज्य से पुरस्कृत किया गया है। दिल्ली में ये पुरस्कार आईटीसीटीए संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन एक्सपो-कॉन्क्लेव और यात्रा पुरस्कार के 9वें संस्करण में शुक्रवार 7 जुलाई को प्रदान किए गए। पुरस्कार अतिरिक्त प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी तथा मुख्य महाप्रबंधक, मप्र पर्यटन विकास निगम लिमिटेड श्री अमन मिश्रा ने ग्रहण किये। उप संचालक, मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड श्री विवेक जूड, प्रबंधक, मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड श्री सौरभ पांडे और आवासीय प्रबंधक, मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड श्री देवेंद्र राय भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## विद्युत चोरी के मामले में तीन माह की जेल और 5 लाख 79 हजार का अर्थदंड

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भिण्ड वृत्त अंतर्गत ग्राम पचौरियनपुरा, थाना अटेर जिला भिण्ड निवासी रमेश पचौरी पुत्र आशाराम पचौरी आयु 50 वर्ष को 6 वर्ष पुराने मामले में अनधिकृत रूप से बिजली का उपयोग करने पर विशेष न्यायाधीश विद्युत जिला भिण्ड ने तीन माह के सश्रम कारावास तथा 5 लाख 79 हजार 885 रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि आरोपी रमेश पचौरी पुत्र आशाराम पचौरी को विद्युत कम्पनी के निरीक्षण दल ने 1 अक्टूबर 2018 को आशाराम के नाम से लगे ट्यूबवेल पर रखे 25 केवीए ट्रांसफार्मर की एल टी लाइन से पीवीसी के तीन तार डालकर 10 एचपी की विद्युत मोटर से आटा चक्की चलाकर बिजली चोरी करते हुये पकड़े जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया था। कंपनी द्वारा प्रकरण को जिला न्यायालय विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में माननीय संजीव सिंघल, पीठासीन अधिकारी द्वारा रमेश पचौरी को दोषी करार देते हुये तीन माह के सश्रम कारावास तथा उपयोग की गई विद्युत की तीन गुना राशि से दण्डित किया गया है।

# महाकाल-लोक की तर्ज पर विकसित होगा दमोह का जागेश्वरनाथ धाम: लोधी

**भोपाल।** बुंदेलखण्ड के दमोह जिले के बांदकपुर में स्थित जागेश्वरनाथ धाम अब महाकाल-लोक की तर्ज पर विकसित होगा। पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा अनुसार महाकाल-लोक की तर्ज पर अब दमोह के जागेश्वरनाथ धाम को विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आज पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विधानसभा कक्ष में समीक्षा की गई। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि बांदकपुर स्थित जागेश्वरनाथ धाम में



विराजित शिवलिंग वर्षों से लोगों के श्रद्धा और आश्चर्य का केन्द्र बना हुआ है। यह शिवलिंग हर साल बढ़ता जा रहा है। इसके पीछे के कारण अब तक अज्ञात बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि जागेश्वरनाथ धाम में मंदिर परिसर का पुनर्विकास, एकात्म क्षेत्र, ध्यान और योग केन्द्र, उल्लास क्षेत्र तथा प्रवेश और निकास द्वार का निर्माण किया जायेगा। श्रद्धालु जागेश्वरनाथ लोक में भगवान शिव के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतीकात्मक प्रतिमाओं एवं भगवान भोलेनाथ से जुड़े प्राचीन मंदिरों का चित्रों के माध्यम से दर्शन कर सकेंगे। साथ ही उनसे जुड़ी मान्यताओं एवं इतिहास संबंधी जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

# एम्स के आयुष विभाग में इलाज के लिए अब जर्मनी से भी आ रहे मरीज

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह लोगों के संपूर्ण स्वास्थ्य को लेकर काफी सजग हैं। उनका मानना है कि एकीकृत स्वाथ्य पद्धति को अपनाकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। इसी कड़ी में एम्स भोपाल के आयुष विभाग में बवासीर, फिस्टुला, फिशर और पाइलोनिडल साइनस जैसी समस्याओं के लिए आयुर्वेद ओपीडी में क्षार सूत्र पद्धति से उपचार किया जा रहा है । प्रोफेसर अजय सिंह के प्रयासों से अब तक एम्स भोपाल के आयुष विभाग में क्षार सूत्र पद्धति को अपनाकर कई लोग इन समस्याओं से मुक्त हो चुके हैं।

हाल ही में जर्मनी से आयी 32 वर्षीय एक महिला का क्षार सूत्र पद्धति से फिस्टुला का सफल इलाज किया गया। इससे पूर्व इस महिला ने जर्मनी में दो बार ऑपरेशन भी करवाया लेकिन वो पूरी तरह से ठीक नहीं हो सकी। लम्बे समय तक ठीक न होने के बाद इलाज के अन्य तरीकों को तलाशते हुए वो भारत आयी और उसकी यह तलाश एम्स भोपाल के आयुष विभाग में आकर पूरी हुई। अपने इलाज का अनुभव बताते हुए मरीज ने



कहा फिस्टुला का इलाज क्षार सूत्र विधि द्वारा केवल भारत में ही किया जाता है। यहाँ एम्स भोपाल में बेहतर इलाज मिलने पर मैं अपना आभार व्यक्त करती हूँ। क्षार सूत्र विधि के द्वारा इलाज में वक्त अवश्य लगता है लेकिन इसमें इलाज के अन्य तरीकों की तुलना में तकलीफ भी नहीं होती। लगभग 5 माह तक चले इलाज के बाद अब मैं पूरी तरह से ठीक हो कर अपने देश वापस जा रही हूँ। गुदामार्ग में होने वाली समस्याएं दुनिया भर में अनगिनत लोगों को प्रभावित करती हैं । एनो-रेक्टल रोगों में गुदा और मलाशय को प्रभावित करने वाली कई चिकित्सीय स्थितियां शामिल होती हैं, जो किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती हैं । सामान्य विकारों में बवासीर, गुदा विदर, फोड़े, फिस्टुला और रेक्टल प्रोलैप्स आदि शामिल हैं । ये स्थितियाँ दर्द, रक्तस्राव, खुजली, मस्से और सूजन जैसे लक्षण पैदा कर सकती हैं, जिनके निदान और उपचार के लिए अक्सर चिकित्सीय परामर्श की आवश्यकता होती है । एनो-रेक्टल रोगों के जोखिम कारकों में पुरानी कब्ज या दस्त, आराम तलब जीवन शैली, मोटापा और कम फाइबर वाली आहार संबंधी आदतें शामिल हैं। स्थिति की गंभीरता और अंतर्निहित कारण के आधार पर, प्रबंधन रणनीतियाँ जीवनशैली में संशोधन और औषधीय उपचार से लेकर सर्जिकल प्रक्रियाओं तक होती हैं । प्रभावी प्रबंधन और जटिलताओं की रोकथाम के लिए शीघ्र निदान और उचित उपचार महत्वपूर्ण हैं । क्षारसूत्र थेरेपी एक पारंपरिक आयुर्वेदिक उपचार है जिसका उपयोग मुख्य रूप से फिस्टुला-इन-एनो और अन्य एनो-रेक्टल विकारों के प्रबंधन के लिए किया जाता है । इस न्यूनतम ऑपरेशन वाली प्रक्रिया में क्षारीय हर्बल लेप से तैयार एक औषधीय धागे (क्षारसूत्र) का उपयोग किया जाता है, जिसे सावधानीपूर्वक फिस्टुला मार्ग में डाला जाता है । क्षारसूत्र अपने निरंतर रासायनिक उपचार प्रभाव के माध्यम से फिस्टुला पथ को काटने, निकालने और धीरे-धीरे ठीक करने का काम करता है । अपनी प्रभावकारिता के लिए जानी जाने वाली, क्षारसूत्र थेरेपी कई फायदे प्रदान करती है, जिसमें पारंपरिक सर्जिकल तरीकों की तुलना में न्यूनतम पुनरावृत्ति दर, कम दर्द और जटिलताओं का कम जोखिम देखने को मिलता है।

# हमारा लक्ष्य सीएम राइज स्कूल विश्वस्तरीय शिक्षा के स्रोत बनें: स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और हम सबका यह लक्ष्य है कि सीएम राइज स्कूल सर्वसुविधायुक्त, गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वस्तरीय शिक्षा के स्रोत बनें। बच्चों का भविष्य प्राचार्यों और शिक्षकों पर होता है, उनके व्यवहार से ही बच्चे सीखते हैं। परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने भोपाल में स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित सीएम राइज चरण - 2 के प्राचार्यों की दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में सम्मिलित हुये और सीएम राइज स्कूल की अवधारणा को सफल बनाने को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को जीवन जीने की कला से परिचय कराने के लिये शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है और विश्वास है कि यह कार्यशाला इन उद्देश्यों की पूर्ति सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, संचालक लोक शिक्षण श्री डी. एस. कुशवाह सहित भोपाल, सागर, नर्मदापुरम, शहडोल एवं उज्जैन संभागों के सीएम राइज विद्यालयों के प्राचार्य एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# कैग का लेखा प्रतिवेदन

लेखा महापरीक्षक यानि कैग की वित्त पर केंद्रित लेखा प्रतिवेदन रिपोर्ट में मध्य प्रदेश सरकार के वित्तीय प्रबंधन पर उंगली उठाई गई है, जो लगातार बिगड़ रहा है। शुक्रवार को विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि मप्र सरकार को पुराना कर्ज चुकाने के लिए भी नया कर्ज लेना पड़ रहा है। पिछले पांच साल में हर साल लिए गए कर्ज में से औसतन 32.63 प्रतिशत राशि का इस्तेमाल पुराना कर्ज चुकाने अर्थात रीपेमेंट करने में किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आदर्श रूप में कर्ज की राशि का उपयोग कैपिटल क्रियेशन यानि पैसा बनाने और विकास के कामों में किया जाना चाहिए। पुराने बकाया कर्ज और उसके ब्याज भुगतान के लिए नए कर्ज का उपयोग टिकाऊ व्यवस्था के लिए ठीक नहीं हैं। संविधान के अनुच्छेद 204 के अनुसार विनियोग (एप्रोपिएशन) के बिना राज्य की संचित निधि से कोई भी राशि खर्च नहीं की जा सकती। राज्य की आकस्मिकता निधि से भी रीएप्रोपिएशन या एडवांस या अतिरिक्त राशि प्राप्त करने के अलावा भी कोई व्यय बिना योजना या सेवा के खर्च नहीं किया जा सकता। लेकिन ऑडिट में पाया गया है कि वर्ष 2022-23 में 8 बार बिना बजट प्रावधान के 2.37 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए। इनमें तीन बार गृह विभाग ने एक बार, पीएचई और वित्त, जल संसाधन और लोक ऋण के मदों से यह राशि खर्च की गई।

कोविड के दौरान 2020-21 में तो राजस्व व्यय के लिए भी कर्ज की राशि का इस्तेमाल करने की नौबत आ गई थी। तब 20,899.89 करोड़ की कर्ज राशि राजस्व व्यय यानि रेवेन्यू एक्सपेंडिचर में उपयोग की गई। कैग की रिपोर्ट में अनुशंसा की गई है कि नया कर्ज लेने से पहले राज्य शासन को जरूरत के आधार पर लोन लेने और मौजूदा नगदी शेष का उपयोग करने पर विचार करना चाहिए।

घाटे में चल रहे सरकारी उपक्रमों के कामकाज की समीक्षा करें और सुधार की रणनीति बनानी चाहिए। इसके साथ ही राजस्व बढ़ाने के नए उपायों पर विचार करना चाहिए।

कैग ने वित्त वर्ष 2022-23 में आवंटित धनराशि और खर्च के बीच 50 हजार करोड़ के अंतर को घटिया बजट प्रबंधन का नमूना बताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 के




दौरान 3,21,658.21 करोड़ की कुल अनुदान मांगें और विनियोगों के बीच 50543.75 करोड़ की बचत हुई थी। सामान्य भाषा में अनुदान को किसी सरकारी विभाग को आवंटित की गई धनराशि कह सकते हैं और विनियोग को सामान्य भाषा में वास्तविक खर्च कह सकते हैं। इससे पता चलता है कि कई अनुदान मांगें काल्पनिक या बोगस थीं।

कैग का यह भी मानना है कि बजट की प्लानिंग ठीक से नहीं की गई। इस कारण जो धनराशि जरूरी विकास कार्यों पर खर्च किया जा सकता था, उसका उपयोग नहीं हुआ और लैप्स हो गया। कैग ने बजट तैयार करने वाले अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी ठीक से सिखाने की सिफारिश की है। बजट को बचत और अधिक व्यय दोनों को कम करते हुए वास्तविक होना चाहिए, इसके लिए मॉनिटरिंग और कंट्रोलिंग सिस्टम ठीक करने की जरूरत बताई है।

रिपोर्ट में ये गंभीर सवाल उठाए गए हैं। पहला, वर्ष 2022-23 में 53 अनुदानों और 7 विनियोगों में ही 42421.41 करोड़ का अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) प्रावधान कर दिए गए। जबकि 28 अनुदानों और 4 विनियोगों में वास्तविक जरूरत 24448.10 करोड़ रुपए की थी। इस कारण 17973.31 करोड़ का अधिक सप्लीमेंट्री प्रावधान कर दिया गया। इसके साथ ही 2381.53 करोड़ के खर्च को राजस्व व्यय में दर्ज करने के बजाए पूंजीगत व्यय (केपिटल एक्सपेंडिचर) में दर्ज कर दिया। इससे राजस्व व्यय कम करके दिखाया और पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर दिखा दिया। तीसरा, वर्ष 2011-12 से वर्ष 2020-21 तक कुल 1678 करोड़ की राशि का अधिक खर्च विधायी अनुमोदन लिए बिना ही कर दिया गया। इसे मप्र विधानसभा में अभी तक नियमित नहीं किया गया है।

लेखा महापरीक्षक यानि कैग जो रिपोर्ट देता है, वह विधानसभा में इसलिए पेश की जाती है, ताकि इस पर भी विचार हो। लेकिन यह विडम्बना ही है कि न तो इस पर विधानसभा में चर्चा होती है और न ही प्रशासन इसकी सिफारिशों पर ध्यान देता है। अक्सर कैग की रिपोर्ट सरकार के खिलाफ होती है या कह सकते हैं कि वह कमियों को उजागर करती है, शायद यह न तो सरकार को ठीक लगता है और न ही अधिकारियों का। इसीलिए इसे एक तरफ रख दिया जाता है।

कैग की पुरानी रिपोर्ट की बात करना तो बेकार है, लेकिन इस रिपोर्ट में जिस तरह से कैग ने कमियां बताई हैं और उन्हें दूर करने की सिफारिश की है, उस पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। असल में सरकार पर जिस तरह से कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है, वह बहुत गंभीर मसला है। इसके पीछे कारण कई हो सकते हैं, लेकिन वित्तीय प्रबंधन किसी भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती होता है। यहां भी है। इसलिए अपनी गलती या कमी भले ही मत मानिये, लेकिन जो सलाह दी गई हैं, उन पर तो अमल किया ही जा सकता है।

किसी भी विभाग का बजट लैप्स होने का जो मुद्दा उठाया गया है, उस पर सरकार को सख्त होना ही पड़ेगा। यह घोर लापरवाही की श्रेणी में आता है। मिला हुआ पैसा वापस चला जाता है। कैग ने ये भी कहा है कि कर्ज लेने के पहले यह देखा जाए कि सरकार के पास मौजूदा नगदी कितनी है, पहले उसका उपयोग करें, फिर कर्ज लें। कर्ज के साथ ही कर्ज का ब्याज भी चुकाने के लिए कर्ज लेने का मतलब तो यही होता है कि हम वित्तीय प्रबंधन में फेल हैं। इसलिए जब हम प्रदेश को विकसित श्रेणी की सूची में ले ही आए हैं तो कर्ज लेकर कर्ज चुकाने की स्थिति से तो सबसे पहले बाहर आना होगा।

# मातृधाम में बिखरेगा विकास, धर्म और अध्यात्म

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

अलौकिक, आध्यात्मिक, सहज, सरल और पर्यावरण के संरक्षक संत श्री रविशंकर महाराज की जन्मभूमि छिपरी को अब 'मातृधाम' के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिपरी का नाम बदलकर मातृधाम करने की घोषणा की है। साथ ही इसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने और यहां औद्योगिक गतिविधियां संचालित करने की घोषणा डॉ. मोहन यादव ने की है। श्री रविशंकर महाराज के प्राकट्य दिवस पर छिपरी को यह सौगात मिली है। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी के शारदा पहाड़ी पर नवनिर्मित 51 फीट ऊंची भव्य, अद्भुत सदाशिव प्रतिमा का लोकार्पण किया। श्री रविशंकर महाराज (रावतपुरा सरकार), केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक, विधायक हरिशंकर खटीक सहित टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले के गणमान्य नागरिक और हजारों श्रद्धालु इसके साक्षी बने।

संत शिरोमणि रविशंकर महाराज की मातृभूमि 'मातृधाम' आने वाले समय में विकास, धर्म और अध्यात्म का बुंदेलखंड का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। यहां अद्भुत सदाशिव के दिव्य दर्शन पाकर पर्यटक धर्म और अध्यात्म से सराबोर होकर लौकिक आनंद से भर जाएंगे। तो सरकार यहां विकास के नए प्रतिमान गढकर पर्यटकों को नई दिशा दिखाएगी। संतत्व की यह अनोखी मिसाल मातृधाम में ही देखने को मिलेगी। जहां संत रविशंकर महाराज की दिव्य सोच की परिणति धर्म, अध्यात्म के साथ विकास की त्रयी के रूप में देखने को मिलेगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मातृधाम में पर्यटन सहित उद्योग धंधे स्थापित करने के सभी प्रयास चरितार्थ होंगे। जो लोग उद्योग स्थापित करेंगे उन्हें सुविधाएं भी मुहैया कराई जायेंगी। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि पंडित रवि शंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार सामाजिक समरसता की मिसाल है। जिस प्रकार वे समाज सेवा और रचनात्मक गतिविधियों के द्वारा राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं, वह अनुकरणीय है। उन्होंने मानवता की सेवा के लिए छिपरी धाम बनाया है, जो उल्लेखनीय है। छिपरी को मातृ धाम का नाम देने के पीछे जो उद्देश्य है, वह मां की महिमा पर आधारित है। भारत देश में जो संस्कार हमें मिले हैं, उसमें मां को सर्वोपरि माना गया है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि पंडित रवि शंकर जी महाराज का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे, यही हमारी कामना है। डॉ. यादव ने कहा कि हमारी एक-एक सांस हमें प्रतिदिन मौत और जीवन से साक्षात्कार कराती है। यदि हम अपने शरीर की शारीरिक रचना समझ लें तो हमें पूरा ब्रह्मांड भी समझ में आ जायेगा।

तो संत शिरोमणि रविशंकर ममहाराज के प्राकट्य दिवस पर छिपरी से पूरे प्रदेशवासियों को अनुपम सौगात मिली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के मध्यप्रदेश के 2.89 करोड़ हितग्राहियों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 3575 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के तहत मध्य प्रदेश की 1.29 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते में 1574 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक द्वारा किया। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 81 लाख से अधिक किसानों को वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त और योजना की 9वीं किश्त की राशि 1630 करोड़ रुपए का भुगतान हितग्राहियों के बैंक खाते में सिंगल क्लिक द्वारा किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 24 लाख महिलाओं को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 41 करोड़ से अधिक राशि तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले 55 लाख हितग्राहियों के बैंक खाते में 330 करोड़ से अधिक राशि भी अंतरित की। गैस सिलेंडर रिफिल योजना में 450 रूपये प्रति हितग्राही का भुगतान किया गया। संत शिरोमणि रविशंकर महाराज ने मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के कार्यों की प्रशंसा की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। तो सांसद व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज महिलाओं, किसानों और गरीबों के कल्याण की चार योजनाओं के तहत राशि अंतरित करने का पुण्य कार्य किया है। इसके लिये उन्होंने डॉ. यादव का साधुवाद किया।

तो संत शिरोमणि रविशंकर महाराज के प्राकट्य दिवस पर उनकी मातृभूमि को मातृधाम का नया नाम मिल गया है, तो यहां विकास, धर्म और अध्यात्म की छटा बिखर गई। जो यहां साक्षी बना, वह अलौकिक आनंद से भरा। नैसर्गिक पहाड़ी पर विराजित भव्य सदाशिव ने सभी का मन मोह लिया। मातृधाम के यह सदाशिव अलौकिक मुस्कान के साथ संत शिरोमणि श्री रविशंकर महाराज की धर्म-अध्यात्म और विकास की सोच का प्रमाण देंगे।

# मौसम के माफिक उमस-बेचैनी और घबराहट है सियासत में

**ना काहू से बैर/राघवेंद्र सिंह**

सब के सब पसीने पसीने हो रहे हैं।अनिश्चय, आत्ममुग्ध, आत्मकेंद्रित,अति विश्वास, आशंका से ग्रस्त हैं। पता ही नही चल रहा है कि आखिर अब कि राजनीति में खुश कौन हैं...? क्या भाजपा क्या कांग्रेस सब जगह सबकी गति एक जैसी दिख रही है। कहा जा सकता है भई गति सांप छछुंदर जैसी... न सत्ता की रसमलाई आनन्द दे रही है और संगठन में सत्तू राहत दे पा रहा है।

इस सब के मध्य माफिया अलबत्ता मजे करने के मंसूबे पाल रहा है। अपनी गोटियां जमा कर वह बहुत कुछ मजे करता दिख भी रहा है। विधानसभा बजट सत्र पश्चात तबादले का उद्योग भी भर पल्ले शुरू होने के आसार है। बिना चांदी की खनक पत्ते हिलेंगे जरूर मगर उनके ट्रांसफर रुकेंगे नही। जो सीन है उसके चलते कलेक्टर-एसपी से लेकर प्रोफेसर, गरीब मास्साब, देव दुर्लभ डाक साब पूरी जमात डरी सहमी सी है। सीएम डॉ मोहन यादव ने इस सम्बंध में नई व्यवस्था के कोई साफ साफ संकेत और निर्देश नही दिए हैं। सत्ता संगठन की टीम घोषित नही हुई है।

सत्ता व संगठन के बीच अफसरशाही की तरफ से कौन समन्वय करेगा साफ तौर पर तय नही हो सका है। छह माह पहले सीएम बने डॉ यादव लोकसभा चुनाव के चलते अभी कुर्सी पर ठीक से बैठने की ही कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच डॉ यादव सूबे की सभी 29 लोकसभा सीटें जीत मोदी - शाह के मन पर छा गए है। हालांकि इस जीत में संगठन की भी हिस्सेदारी है। लेकिन प्रदेश में यूपी की तर्ज पर माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई दिखनी भी जरूरी है। वरना जीत का रंग उतरते भी देर नही लगती।

अभी तो जो खबरें छनकर आ रही है उससे मंत्री मंडल में समन्वय को लेकर भी चुनौती आ रही है। वरिष्ठ नेताओं में शामिल- कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रहे राकेश सिंह, गोविन्द सिंह जैसे मंत्रियों को साध कर सदुपयोग करना भी बड़ा काम होगा। इधर देश व प्रदेश में अध्यक्ष की भी चर्चाएं चल पड़ी हैं। अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ सीएम के रिश्ते शिवराज सिंह चौहान की तुलना में बेहतर रहे है। लेकिन नए अध्यक्ष और उनकी नई टीम के साथ सीएम को तालमेल बैठाना होगा।

अभी तो सभी उपचुनाव जीतने के लक्ष्य के काम करना होगा। साथ ही सहकारिता के चुनाव भी सामने हैं। अभी चुनाव की तारीखें तो नही आई है लेकिन अनुमान है कि दिसम्बर तक सहकारिता की परीक्षा भी पास करना होगी। इस बीच वरिष्ठ मंत्रीगण और संगठन के बीच खटपट न हो यह भी ध्यान रखना होगा। विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव मनमाफिक न हए तो तकरार व तनाव तय माना जाएगा। आजकल मंत्रियों व उनकी मनमर्ज़ियों को कंट्रोल करने के लिए टेड़े अफसरों की तैनाती भी एक असरदार सियासी नुस्खा रही है। जरूरत के हिसाब से कम ज्यादा सभी सीएम इस्तेमाल करते हैं।

यदि सरकार में काबिल अफसरों की अच्छी टीम बनी तो सत्ता व संगठन के लिए मौसम सुहाना होने लगेगा। सीएम यादव के लिए यह टास्क आसान भले ही न हो लेकिन मुश्किल भी नही होगा। राजनीति में कहावत है- सफल नेता वही है जो गाय-भैंस तो क्या बैल और भैंसे से भी दूध निकाल ले। लेकिन अभी तो सत्ता की बारिश के बीच अनिश्चितता की गर्मी, उमस और बैचेनी का माहौल है। आश्वासन के पंखे, वादों के कूलर और शपथ व संकल्प के ए सी भी फेल हो रहे हैं। बढ़ते भ्रष्टाचार, रिश्वत खोरी के उपाय और ऊंची होती डिमांड ने बहते पसीने और घबराहट को कम नही होने दिया है। गुड़ गवर्नेन्स और मोशा की पसंद दांव पर है।

**कठिनाई तो कांग्रेस में भी है...**

प्रदेश कांग्रेस में भी नेताओं के मुख पर परेशानी है और शरीर पसीने लथपथ रहे हैं। विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष बने आदिवासी विधायक उमंग सिंघार पर भाजपा सरकार पर आक्रमक होने के साथ जिम्मेदार विपक्ष होने की चुनौती है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हारने के बाद पार्टी थोड़ी हताशा में रहेगी। इस बीच यदि कांग्रेस विधायक दल एकजुटता के साथ जनहितैषी मुद्दों पर सरकार को घेरने में सफल रहा तो फिर उमंग, उत्साह के साथ भविष्य के नेता बनने की दिशा में बढ़ सकेंगे। इधर भारी लोस में शिकस्त पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को लेकर भी परिवर्तन की बात की उछाली जा रही है।

मगर कांग्रेस हाईकमान खास तौर से राहुल गांधी की पसंद होने के कारण पटवारी को फिलहाल कोई ख़तरा नजर नही आता। उमंग ने सदन में और पटवारी सड़क पर जनता के मुद्दे उठकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश की है। दोनो मोर्चों पर कांग्रेस सक्रिय दिखाई दी है और प्रदेश में बीस बरस बाद विपक्ष को लोगों ने जागता हुआ देखा होगा। यह सब प्रदेश में प्रतिपक्ष के लिए किसी हसीन मौसम से कम नही होगा। मगर यह ऋतु तब भी बदलेगी जब इसमे वरिष्ठ नेता दिग्विजयसिंह और कमलनाथ की युति होगी। वरना मौसम बदलने वाले बादल बिन बरसे ही गुजर जाएं तो हैरत नही होगी।

# सिल्वर स्क्रीन: सस्पेंस फिल्म वही जिसका अंत दर्शकों को चौंका दे

**हेमंत पाल**

यदि फिल्म के शौकीन कुछ दर्शकों से सवाल किया जाए कि उन्हें कैसी फ़िल्में पसंद हैं, तो निश्चित रूप से ज्यादातर का जवाब होगा सस्पेंस वाली फ़िल्में। ऐसी फ़िल्में जिनका अंत चौंकाने वाला हो। इसका कारण है, कि इस तरह के कथानक पर बनी फ़िल्में दर्शकों को भी अपने साथ जोड़ लेती है। फिल्म के दृश्यों को देखने वाला सोचता रहता है कि अब क्या होगा! यही वजह है कि इन फिल्मों सफलता ज्यादा होती है। क्योंकि, इनके क्लाइमेक्स दर्शकों को हतप्रभ कर देते हैं! ऐसी फ़िल्में सिर्फ हिंदी में ही सफल नहीं रही, बल्कि हॉलीवुड में भी सस्पेंस, थ्रिलर वाली फिल्मों को ही ज्यादा पसंद किया जाता रहा। डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और स्क्रिप्ट राइटर अल्फ्रेड हिचकॉक को तो 'मास्टर ऑफ सस्पेंस' ही कहा जाता रहा। सस्पेंस और थ्रिलर वाले कथानक शुरू से दर्शकों के प्रिय विषय रहे हैं। जिस फिल्म के अंत के बारे में उनका खुद का अनुमान गलत निकले, वो उन्हें ज्यादा पसंद! क्लाइमेक्स में ऐसा शख्स सामने आए, जिसका दर्शकों ने अनुमान नहीं लगाया हो! ऐसी फिल्में ही दर्शकों को बांधने वाली होती है।

सस्पेंस थ्रिलर वाले कथानक की फिल्मों में दर्शकों को शुरू लगता है कि उसे पता था कि आगे यही होने वाला है। इन फिल्मों में ऐसा अजूबा ही होता है। जो सबसे ज्यादा शरीफ दिखता है, शातिर निकलता है। लेकिन यह अनुमान कई बार गलत भी हो जाता है और एक अलग ही थ्रिलर फिल्म का अंत दर्शक के सामने आता है। सस्पेंस का आशय डरावनी फिल्मों से नहीं है। बल्कि, इस तरह की फ़िल्में अपने कसे हुए कथानक से दर्शक को बांधती है। देखने वाला हमेशा इसी उधेड़बुन में लगा रहता है कि अब क्या होगा?

परदे पर अभी तक ऐसी फ़िल्में सीमित थीं। पर ओटीटी प्लेटफॉर्म आने के बाद लगने लगा कि दर्शक सस्पेंस, थ्रिलर और मर्डर मिस्ट्री ही देखना चाहता है। जबकि, ये तीनों ही अलग-अलग शैलियां हैं। थ्रिलर फिल्मों में एक्शन होता है, लेकिन सस्पेंस नहीं! उनमें जो सस्पेंस होता है, उसका राज धीरे-धीरे खुलता रहता है। लेकिन, सस्पेंस फिल्म में न तो रहस्य जरूरी है और न एक्शन! इनमे चौंकाने वाले सीन ज्यादा होते हैं, जो दर्शक को सोचने का मौका भी नहीं देते। मिस्ट्री और सस्पेंस थ्रिलर फ़िल्में एक जैसी नहीं होती। दोनों का ट्रीटमेंट अला-अलग होता है। पर, मिस्ट्री फिल्मों में सिर्फ एक राज होता है, जिस पर से फिल्म के अंत में



परदा उठता है। इस तरह की फिल्मों की पटकथा का ताना-बाना किसी हत्या के इर्द-गिर्द बुना जाता है। पूरी कहानी अनजान हत्यारे की खोज पर आधारित होती है। संदेह के लिए कई पात्रों को निशाने पर रखा जाता है। हत्यारे को पकड़ने के लिए पुलिस जो भी चाल चलती है, वही फिल्म का आकर्षण होता है। कभी फिल्म के नायक, नायिका या सबसे शरीफ पात्र के भी कातिल होने की स्थितियां निर्मित की जाती है। यानी दर्शकों को बांधने और उनका ध्यान बांटने के लिए कई हथकंडे रचे जाते हैं। देखा जाए तो दर्शकों को वही सस्पेंस फ़िल्में ज्यादा पसंद आती है, जो उन्हें हर सीन में चौंका दें।

तीसरी मंजिल, ज्वेल थीफ, क़त्ल और 'गुप्त' के बाद 'दृश्यम' सीरीज की दोनों फिल्मों ने दर्शकों को जिस तरह बांधकर रखा वही इन फिल्मों का सफलता रही।

इस तरह के कथानक पर बनने वाली फिल्मों के पन्ने पलटे जाएं, तो हिंदी में मर्डर मिस्ट्री और सस्पेंस फिल्मों की शुरुआत का श्रेय विजय आनंद को जाता है। उन्होंने 'तीसरी मंजिल' और 'ज्वेल थीफ' उस दौर में बनाने की हिम्मत की, जब दर्शकों को ऐसी कहानियों का अंदाजा भी नहीं था। इन फिल्मों में पैसा लगाना भी एक तरह ही जुआं ही था। पर, विजय आनंद ने दर्शकों पर अपना जादू चलाया और उनकी कई फ़िल्में पसंद की गईं। उन्होंने ऐसे कई प्रयोग किए, जो सस्पेंस से लबरेज थे।

इसी तरह रामगोपाल वर्मा की 'कौन' को हिंदी की बेस्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म कहा जा सकता हैं। यह पूरी फिल्म घर में बंद एक लड़की (उर्मिला मातोंडकर) की कहानी है, जो अजनबी (मनोज बाजपेयी) से बचने की कोशिश में रहती है। लेकिन, फिल्म का क्लाईमैक्स दर्शकों के होश उड़ा देता है। इसी तरह की फिल्म 'फोबिया' भी थी, जिसमें राधिका आप्टे ने काम किया। यह फिल्म ऐसी लड़की की कहानी है, जो बाहर निकलने से डरती है और खुद को घर में बंद कर लेती है। उसका डर ही फिल्म का क्लाइमैक्स है।

बॉबी देओल, काजोल और मनीषा कोइराला की 'गुप्त' बेहतरीन सस्पेंस थ्रिलर फिल्म थी। इसमें अंत तक किसी का ध्यान नहीं जाता और खलनायिका काजोल निकलती है। विद्या बालन की 'कहानी' और 'कहानी-2' दोनों ही फ़िल्में दर्शकों को अंत तक कुर्सी से बांधकर रखती है। किसी दर्शक को अंदाजा नहीं होता कि आखिरी में क्या होगा! फिल्म 'नैना' एक अंधी लड़की की कहानी थी, जिसकी आंखें ट्रांसप्लांट की जाती है। लेकिन, इसके बाद उसे अजीब सी चीजें दिखाई देने लगती है। 'बदला' को हाल के दौर की बड़ी मर्डर मिस्ट्री फिल्म माना जाता है! इसे अंत तक देखने के बाद ही समझ आता है कि आखिर फिल्म क्या चाहती है! ये पूरी फिल्म सस्पेंस से भरी है! कलाकारों का अभिनय भी हैरान करता है!

जबकि, आज के दौर की सस्पेंस फिल्मों में 'दृश्यम' और इसका सीक्वल सबसे अच्छा उदाहरण है। इसमें अपराधी सामने होता है, लेकिन न तो पुलिस उसे पकड़ पाती है और न दर्शकों को समझ आता है कि उसने ये सब किया कैसे होगा! इस फिल्म में कोई मारधाड़ नहीं थी और न रहस्य! हत्यारा सबके सामने होते हुए अपनी चतुराई से बचता रहता है। कोई ठोस सबूत न होने से पुलिस भी अंत तक उस पर हाथ नहीं डाल पाती! इसमें सस्पेंस और इमोशन का ऐसा घालमेल किया जाता है, कि फिल्म देखने वाले भी हत्यारे के पक्ष में नजर आ जाते हैं। वे भी नहीं चाहते कि अपराधी पकड़ा जाए! कानून, गुमनाम, मेरा साया, इत्तेफाक, धुंध, अपराधी कौन, कब क्यों और कहां, खिलाड़ी, गुप्त, वह कौन थी, डिटेक्टर व्योमकेश बक्शी, मनोरमा, सिक्स फीट अंडर, भूल भुलैया, एक चालीस की लास्ट लोकल, बदला, जानी गद्दार, अगली, तलवार, अंधाधुन, क़त्ल, दृश्यम और 'कहानी' ऐसी ही फ़िल्में हैं, जिनका जादू दर्शकों पर जमकर चला।

कुछ साल पहले तक फिल्म के अंत को गोपनीय बनाए रखने हिदायत भी इसी लिए जाती थी कि फिल्म देखने आने वाले दर्शकों में सस्पेंस बना रहे। इसलिए कि ऐसी फिल्मों के अंत में कुछ ऐसा होता था, जो देखने वालों को चौंका देता था। फिल्म का कथानक कुछ इस तरह गढ़ा जाता था, कि दर्शक उसके आकर्षण में फंस जाते। वे कहानी के ट्विस्ट की असलियत देख नहीं पाते थे और जब राज खुलता तो ऐसा पात्र संदेहों से घिरा मिलता, जिस पर किसी की नजर नहीं जाती! सस्पेंस फिल्मों में चौंकाने वाले अंत का दौर अभी ख़त्म नहीं हुआ! बस, दर्शकों को ये हिदायत देना बंद कर दिया गया कि फिल्म का अंत किसी को न बताएं! ऐसी फ़िल्में सिर्फ कलाकारों के अभिनय से ही दर्शकों को नहीं बांधती, इनकी पटकथा लेखन और डायरेक्शन भी कुछ नयापन होता है।

अब तक कई थ्रिलर फिल्में आई, लेकिन सभी दर्शकों को बांध नहीं पाई। याद वहीं रहती, जिन्होंने अपनी पटकथा और डायरेक्शन का जादू दिखाया। पुरानी फिल्मों में तीसरी मंजिल, ज्वेल थीफ, इत्तेफ़ाक़, गुमनाम और आज के दौर की ए वेडनस डे, बदला, हमराज़, 100 डेज के बाद आयुष्मान खुराना की फिल्म 'अंधाधुंन' और अजय देवगन की 'दृश्यम' ऐसी ही ऐसी फ़िल्में हैं, जिनके क्लाइमैक्स ने दर्शकों को कुर्सी पर ठीक से बैठने नहीं दिया। 'अंधाधुन' ने तो एक नया ट्रेंड बना दिया। इसमें एक अंधे आदमी का किरदार काफी रहस्यमय था। फिल्म की कहानी इसी के आस-पास घूमती है। इस पूरी फिल्म में अच्छा-खासा सस्पेंस बनाकर रखा गया। ओटीटी के आने के बाद से सस्पेंस और थ्रिलर फिल्मों का क्रेज कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# 20 साल बाद भी नहीं हो पाया हाट बाजार का विकास , कीचड़ में दुकान लगाने एवं सब्जी खरीदने को हैं मजबूर



ओबेदुल्लागंज। मानसून की पहली बारिश में हाट बाजार में आए दुकानदारों व ग्राहकों के लिए मुसीबत बन गई क्योंकि नगर परिषद के जिम्मेदारों की लापरवाही से साप्ताहिक बाजार मैदान में गुरुवार को कीचड़ ही कीचड़ हो गया और लोगों को चलना फिरना दूभर हो गया। गौरतलब है कि ओबेदुल्लागंज में प्रति सप्ताह गुरुवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगाया जाता है। यहां दूर-दराज से दुकानदार अपनी दुकानें लेकर आते हैं। वहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों ग्राहक भी हाट बाजार में सब्जी किराना एवं अन्य वस्तुएं खरीदारी करने आते हैं लेकिन बारिश में यह हाट बाजार पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता है। इसमें न तो दुकानदार सही तरीके से दुकान लगा पाते हैं और न ही ग्राहक अपनी खरीदारी कर पाते हैं। स्थानीय एवं क्षेत्रीय निवासियों ने नगरपरिषद से जल्द से जल्द कीचड़ से निजात दिलाने की मांग की है।

# सीलम नदी पर बनेगा चेकडेम, विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

छतरपुर। राज्य शासन से महाराजपुर क्षेत्र को एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। ग्राम गर्रोली स्थित राजेन्द्र चतुर्वेदी के खेत के पास सीलम नदी पर चेकडेम का निर्माण कराया जायेगा। राज्य शासन ने यह घोषणा महाराजपुर क्षेत्र के युवा विधायक कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीकाराजा द्वारा विधानसभा में उठाये गये प्रश्न के जबाव में की है।ज्ञात हो कि महाराजपुर क्षेत्र में आज भी सिंचाई के संसाधनों का अभाव है जिसे विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने सीलम नदी पर चेकडेम बनाये जाने संबंधी सवाल विधानसभा में उठाया जिस पर राज्य शासन द्वारा कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। इसी प्रकार विधायक टीकाराजा ने ग्राम रानीपुरा स्थित सिद्धबाबा मंदिर के पास हैंडपम्प का खनन कराये जाने की मांग उठायी। जिस पर सरकार ने तत्काल हैंडपम्प खनन कराये जाने के आदेश दिये हैं। विधायक की पहल पर राज्य सरकार द्वारा की गयी इस कार्रवाई से महाराजपुर क्षेत्र की जनता में भारी हर्ष देखा जा रहा है।

# लोकतंत्र सेनानी संघ का जिला सम्मेलन विगत संपन्न हुआ

छतरपुर ।लोकतंत्र सेनानी संघ का जिला सम्मेलन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक के मुख्य आतिथ्य में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिले के लोकतंत्र सेनानी एवं लोकतंत्र प्रहरी एवं उनके परिजन शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री श्री तपन भौमिक ने कहा की 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी द्वारा जो आपातकाल लगाया था वह देश के लिए एक काला अध्याय था इसमें लोगों की स्वतंत्रता का हनन हुआ और प्रेस पर भी प्रतिबंध लगाया गया था इस तरीके से लाखों लोगों को जेल में छोड़ दिया गया था इसी प्रकार से उनके परिवार के लोग भी बेहद परेशानी में रहे जो 21 महीने का आपातकाल लगाया गया था वह भारत के इतिहास एवं दुनिया के इतिहास में ऐसा आपातकाल कभी लगाया नहीं गया जिसमें ना बोलने की स्वतंत्रता न प्रेस की स्वतंत्रता और ना अपने विचार रखने की स्वतंत्रता थी उन्होंने कहा कि आप रामचरितमानस ना पड़े हनुमान चालीसा ना पड़े परंतु ऐसे आता ताइयों को और जिन्होंने अधिकारों को हनन किया उनको सुबह-शाम गाली जरुर दें ।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह पूर्व विधायक उमेश शुक्ला पुष्पेन्द्र नाथ पाठक संतोष शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ मध्य प्रदेश एवं महामंत्री श्री द्विवेदी जी सहित भारतीय जनता पार्टी के जयराम चतुर्वेदी, महामंत्री सुरेन्द्र चौरसिया मीडिया प्रभारी अरविन्द बुन्देला सहित अन्य पदाधिकारी समाजसेवी, पत्रकार गण शामिल रहे।लोकतंत्र सेनानी के जिला अध्यक्ष लखन लाल चौरसिया ने स्वागत भाषण कार्यक्रम का संचालन आशुतोष तिवारी ने किया और आभार सावंत सिंह बुंदेला ने किया कार्यक्रम की प्रस्तावना नारायण महेश्वर काले एडवोकेट ने रखी। लोकतंत्र प्रहरी के रूप में हरेंद्र सिंह चंदेल ने अपने विचार रखे एवं कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका का निर्वहन किया।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम को केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया सम्बोधित, हजारों महिलाएं हुई शामिल

## गंधवानी विधानसभा में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार महू लोकसभा सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर का प्रथम आगमन पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया भविष्य स्वागत

धार/गंधवानी- महिला एवं बालविकास मंत्रालय में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार महू लोकसभा सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर के गंधवानी विधानसभा में प्रथम आगमन पर क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया भारी बारिश के बाद भी केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने लोगो के घर जाकर अभिवादन किया जैसे श्रीमती सावित्री ठाकुर का काफिला गंधवानी विधानसभा में प्रवेश किया वैसे ही अवलदामान,खड़की के ग्रामीणजनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गंधवानी के नित्यानन्द आश्रम परिसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया साथ ही गुरुभक्तों ने दीदी का स्वागत कर सम्मान किया। जैसे काफिला आगे बढ़ा सामाजिक संस्था एवं वरिष्ठजनों ने मंच लगाकर जगह-जगह सत्कार किया भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने मण्डल क्षेत्र का स्वागत मंच लगाकर सावित्री ठाकुर का स्वागत किया गायत्री शक्तिपीठ जाकर श्रीमती सावित्री ठाकुर ने मां गायत्री के चरणों मे शीश झुकाकर नमन किया गायत्री ट्रस्ट गंधवानी ने भी सम्मान किया ।इस अवसर पर मध्यप्रदेश सिर्वी समाज,क्षत्रिय राठौड़ समाज,जैन समाज,सेन समाज,अनुसूचित जाति,जनजाति समाज के बन्धुओ ने स्वागत किया साथ ही मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद,नवांकुर संस्था माँ नर्मदादेवी स्वास्थ्य समिति,शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, श्रीराम जिनिंग,भांजा इंटरप्राइजेस,ग्राम पंचायत,पुलिस परिवार, कलाल समाज,प्रजापत समाज आदि ने आत्मीय अभिनन्दन किया ततपश्चात केंद्रीय मंत्री अपने विभागीय कार्यक्रम मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सम्मेलन में पहुँची जहाँ दिप प्रज्ज्वलन कर कन्यापूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की स्वागत उद्बोधन डॉ. संध्या व्यास संयुक्त संचालक महिला बालविकास ने दिया साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी ने



महिला शसक्तीकरण की बात कही वही कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं केंद्रीय मंत्री ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला एवं बालविकास की योजनाओं के बारे में बताते हुवे देश के माननीय प्रधानमंत्री जी की तारीफ करते हुए कहा मोदी लखपति दीदी बनाने के लिए अभी तीन करोड़ महिलाओं के लिए योजना बना चुके है उन्होंने कहा महिलाओं के उत्थान हेतु ऐसी अनेको योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुचाने का काम किया है में स्वयं एक साधारण परिवार की महिला हु संघर्ष करते हुवे आगे बढ़ी हूँ हमारे देश की राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू जी भी एक आदिवासी महिला है हमारे राज्यपाल भी आदिवासी है इसलिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया मोदी जी सबको आगे बढ़ाने का काम कर रहे है अभी 100 दिन के मिशन पर सरकार काम कर रही है जितना हो सकेगा में आपकी बात मोदी जी और हमारे मुख्यमंत्री जी तक पहुँचाऊंगी ओर आपके सारे काम मे करूंगी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाऐं शामिल हुई वही भाजपा कार्यकर्ताओं ने समरसता भोज का आयोजन किया इसके बाद राज्यमंत्री बलवारी धाम के लिए बालाजी दर्शन पहुँची फिर भाजपा कार्यकर्ता के घर जाकर मुलाकत की वही भाजपा महामंत्री के भाई एवं नगर पुरोहित की गमी के बाद उनके घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँची उन्होंने समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया शासकीय कार्यक्रम का आभार एसडीएम राहुल गुप्ता व संचालन सहायक संचालक शोभान मजूमदार ने किया । इस अवसर पर दिल्ली एवं भोपाल के शासकीय अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित हुवे साथ ही भाजपा के धार जिले के जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल,जिला उपाध्यक्ष निलेश भारती और विश्वास पाण्डे भाजपा नेता जगदीश जाट सदाशिव बर्फ शिवपाल आर्य क्षेत्रीय मंडल अध्यक्ष सहित स्थानीय भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# न्याय संहिता में कुछ संशोधन किया गया है इसकी जानकारी आमजन तक पहुंचाएं :विधायक मलैया

## पुलिस अधीक्षक ने आम जनों को दी तीन नए कानून न्याय प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी

दमोह ।मप्र में 1 जुलाई से नए कानून और न्याय संहिता को लागू किया गया है, पुलिस मुख्यालय दिए गए निर्देशों के तहत जिले के नागरिकों को तीन नए कानून और न्याय प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए आज स्थानीय मानस भवन में एक कार्यक्रम आयोजि त किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल जिला एवं सत्र न्यायधीश आनंद कुमार तिवारी ने तीन नए कानून और न्याय प्रक्रिया के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा बदलाव प्रकृति का नियम है। हमारे देश में जब संविधान लागू हुआ तब से आज तक संसद के द्वारा 106 संशोधन पारित किए गए हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल जिला एवं सत्र न्यायधीश आनंद कुमार तिवारी, दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस




अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, वनमंडलाधिकारी एम.एस. उइके, नरेन्द्र बजाज, कविता राय, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, अधिवक्तागण, प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक, विभिन्न सगंठनों के पदाधिकारीगण, पार्षदगण और सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे।

## सरकारी अस्पताल में बने शौचायलयों की हालत गंभीर

# सरकारी अस्पताल में व्यवस्थाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति

दमोह - सरकार द्वारा विभिन्न अभियानों के अंतर्गत स्वच्छता का संदेश दिया जाता है, और स्वास्थ्य पर भी सरकार करोड़ों रुपए खर्च करती है, लेकिन स्थानीय प्रबंधन की लापरवाही की वजह से जनता को स्वच्छ और अच्छी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती। जिला चिकित्सालय दमोह के विभिन्न वार्ड में स्वच्छता के नाम पर आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को असुविधा हो रही है।

सर्जिकल वार्ड में जब देखा गया कि वहां पुरुष और महिला के लिए अलग अलग प्रसाधन गृह बने हैं लेकिन महिला प्रसाधन पर ताला लगा हुआ है वहीं पुरूष प्रसाधन में हाथ धोने के लिए नल ही नहीं है, पुरुष प्रसाधन में ही महिला और पुरुष जाते हैं सोचने से ही महिलाओं होने वाली असहज स्थिति को समझा जा सकता है, साथ ही नल में टोटी नहीं लगे होने के कारण भी मरीज एवं उनके परिजनों को मूत्रालय के नल के पानी का उपयोग करना पड़ रहा है।

ऐसी ही स्थिति फीमेल वार्ड की है जहां नल में टोटी ही नहीं है, जिससे यहां भी मरीजों को असहज स्थिति होती है, कुछ वार्ड के मूत्रालय में पानी निकासी सही नहीं होने पर पानी



मूत्रालय के नल से पानी भरती महिला

का जमाव हो रहा है जिससे मरीज और उनके परीजनो को गंदगी के बीच ही मूत्रालय का उपयोग करना पड़ता है। वहीं अव्यवस्थित पीने के पानी के नलों में भी गंदगी और गंदा पानी भरा हुआ है। जिला चिकित्सालय में सफाई और सुंदरता के लिए करोड़ों रुपए सरकार द्वारा खर्च किये जाते हैं लेकिन अस्पताल प्रबंधन और सफाई व्यवस्था देख रही निजी कंपनी की अनदेखी से चिकित्सालय में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को प्रतिदिन परेशानी होती है।

# सबल महिलाएं, समृद्ध अन्नदाता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार: विष्णु खत्री

बैरसिया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा टीकमगढ़ जिले से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न योजना के हितग्राहियों को 3500 करोड़ से अधिक की राशि उनके खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण की

शुक्रवार को बैरसिया में क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री द्वारा कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में यदि कोई बड़े स्तर का कार्यक्रम हो रहा है तो वह लाडली बहनों के लिये हो रहा है। सबल महिलाएं, समृद्ध अन्नदाता बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। आज जनपद पंचायत सभागार में हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक से राशि वितरण होने जा रहा है हमारा काम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है हमारी सरकार निरंतर हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है आगे भी करती रहेगी

उन्होंने कहा कि कुछ आक्रान्ताओ द्वारा हमारे देश में महिलाओं को बहुत पीछे धकेल दिया था, इसलिए हमारी सरकार सबसे ज्यादा कार्य महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कर रही है। हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए सिर्फ वादे नहीं करती है, बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य



धरातल पर कर रही है। चाहे वह लाडली बहना योजना हो, चाहे उज्ज्वला योजना हो। ऐसी अनेक योजनाओं के माध्यम से हम महिला को सशक्त बना रहे है। उन्होंने कहा इसी तरह से अन्नदाताओं के लिए हमारी सरकार लगातार किसान सम्मान निधि उनके खाते में भेज रही है। बैरासिया क्षेत्र के 38 हज़ार 113 किसानों के खाते में आज 2-2 हज़ार रुपये की राशि पहुंच रही है।

उन्होंने कहा कि ईटखेड़ी में गोकुलदास टेक्सटाइल में 1000 महिलाएं काम कर रही है और भी जिन बहनों को इस फैक्टरी में काम करना है। उसके लिए हम जल्द एक शिविर लगवाने वाले है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर, एसडीएम विनोद सोनकिया, जनपद पंचायत सीईओ दिलीप जैन एवं तहसीलदार लखन चौधरी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

# तत्काल करा लें ई-केवाईसी नहीं तो इस तारीख से मिलना बंद हो जाएगा राशन



राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी कराने की आखिरी तारिख पास आ गई है। 30 सितंबर तक अगर द्रुयङ्घ्ष्ट नहीं कराया गया तो फ्री में राशन मिलना बंद हो जाएगा।

राशन कार्ड धारक अगर मुफ्त में राशन लेना जारी रखना चाहते हैं, तो अब उन्हें अपना द्रुयङ्घ्ष्ट कराना होगी। द्रुयङ्घ्ष्ट न होने पर अब राशन कार्ड धारकों को मुफ्त में अनाज मिलना बंद हो जाएगा। ई-केवाईसी कराने की आखिरी तारीख 30 सितंबर है। इस दिन तक अगर राशन कार्ड धारक अपना द्र्य4ष नहीं कराते हैं, तो उन्हें मुफ्त में राशन नहीं मिलेगा।

केंद्र सरकार देश में करोड़ों राशन कार्ड धारकों को मुफ्त में अनाज देती है। मध्य प्रदेश में भी इस योजना के कई लाभार्थी हैं। फ्री राशन की सुविधा जारी रखने के लिए अब उन्हें द्र्य4ष करवाना जरूरी हो गया है। क्यों घट रहा एमपी विधानसभा बजट का सत्र, विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, जानें कितने सालों से हो रहा ऐसा

क्यों कराया जा रहा केवाईसी ?

ई-केवाईसी कराने के पीछे की वजह राशन वितरण में किसी भी तरह की गोलमाल से बचना है। राशन कार्ड धारक की मृत्यु हो जाने के बाद या तलाक के बाद भी लोग कार्ड का इस्तेमाल कर मुफ्त राशन का लाभ लेते रहते हैं। इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए ई-केवाईसी कराया जा रहा है। इससे पहले 2017 में राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक किया गया था।

र्क्स द्रुस्चङ्घ्ष्ट - जल्द करवा लें ई-केवाईसी, वरना बंद हो जाएगा गैस कनेक्शन, सब्सिडी भी नहीं मिलेगी, यहां से डाउनलोड करें फार्म

ऐसे कराएं ई-केवाईसी

राशन कार्ड का ईकेवाईसी कराने के लिए आपको अपनी नजदीकी राशन की दुकान पर जाना होगा। द्र्य4ष कराने के लिए आपको अपने आधार कार्ड और राशन कार्ड की फोटोकॉपी साथ ले जानी होगी।

ई-केवाईसी कराने वाला कर्मचारी इन दस्तावेजों के साथ आपके फिंगरप्रिंट का स्कैन भी करेगा। इसके बाद आपका द्रुयङ्घ्ष्ट हो जाएगा और आप मुफ्त राशन लेना जारी रख सकते हैं।

## प्रदेश सरकार के नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

# शराब दुकान के बाजू से रेस्टोरेंट की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे अहाता बार अवैध अहाता बारों को आखिर किसका संरक्षण ?

सांध्य प्रकाश नर्मदापुरम// इटारसी - एक तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री शराब नीति में भ्रष्टाचार के मामले में जेल की सजा भोग रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद भी यहां उनकी ही बनाई गई नीतियों का शराब दुकान संचालक जमकर उल्लंघन कर रहे हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई नीति को धता बताते हुए शराब दुकान के संचालक, दुकान के बाजू में ही जो पूर्व के अहाता बार वाले स्थान पर रेस्टोरेंट का नाम देकर खुलेआम शराब पिलवा रहे हैं, ऐसा संभव नहीं है कि यह जानकारी आबकारी विभाग और पुलिस को नहीं है ,सबको सब कुछ मालूम है, तभी तो यह सारा खेल खुलेआम चल रहा है।जब हमारे संवाददाता ने इन कथित रेस्टोरेंटो में जाकर जायजा लिया, तो पता चला कि वहां रेस्टोरेंट के नाम पर खुलेआम अहाता बार चल रहे हैं। जब आम आदमी को इस बात की जानकारी है कि इन अहातों में बैठाकर शराब पीलाने की सुविधा है, तो आबकारी विभाग और पुलिस विभाग को क्यों नहीं ?

वैसे तो आबकारी विभाग को इस बात की भी जानकारी है कि पूरे शहर में शराब की, घर पहुंच सेवा चल रही है ,वह भी शराब दुकानों से कम रेट पर। अब हम बात करते हैं शहर की शराब दुकानों की ,जहां पूर्व में दुकान से लगे हुए अहाते बार चल रहे थे,जिन्हे तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 2 वर्ष पहले बंद करा दिए थे, उनकी मनसा थी कि लोग शराब दुकान पर नहीं बल्कि अपने घर ले जाकर उसका सेवन करें । कुछ दिन तो ठीक-ठाक चला, लेकिन अब इटारसी शराब दुकानदारों ने तू डाल-डाल , तों मैं पात पात की तर्ज पर चलते हुए रास्ता निकाल लिया है। शराब दुकानदारों से लगें हुए पूर्व के बंद पड़ी दुकान पर रेस्टोरेंट का नाम देकर अवैध अहाता चालू कर दिए है, जबकि वहां रेस्टोरेंट जैसी कोई चीज़ देखने को नहीं मिलती। वल्कि खुलेआम शराब पिलाई जा रही है।हम बात कर रहेहै स्टेशन के सामने शराब दुकान ,बैल बाजार स्थित दुकान,पुरानी इटारसी कि मेन दुकान, जुझारपुर रोड़ शाखा दुकान एवं न्यू यार्ड में स्थित शाखा वाली इत्यादि शराब दुकानों से लगे हुए रेस्टोरेंट की, यहां हर जगह शराब प्रेमियों को शराब बैठाकर पिलाने की व्यवस्था उपलब्ध कराई है।अब सवाल यह उठता है कि चाहे जिला आबकारी अधिकारी हो या शहर के आबकारी निरीक्षक ,क्या उन्हें यह नहीं मालूम की शराब की दुकान के बाजू में रेस्टोरेंट के नाम पर अहाते चालू कर दिए गए या फिर वह सब कुछ जानकर ही भी अनजान होने का नाटक कर रहे हैं। आबकारी, ओर पुलिस दोनों ही विभाग आंख बंद कर बैठे हुए हैं ,उन्हें तो हर माह मोटी मलाई मिल रही होगी , ऐसा लोगों का कहना है ,ओर नजारा देखकर इसे सच भी माना जा सकता है, क्योंकि यह सब कुछ प्रदेश सरकार की नीति के विरुद्ध खुलेआम चल रहा है । अब सवाल यह उठता है कि जब केंद्र की मोदी सरकार शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को जेल भेज सकती है, तो क्या मप्र में इन आबकारी अधिकारियों की कारगुजारियो पर लगाम नहीं लगा सकती।

# सरपंच एकता महासंघ मध्य प्रदेश ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोफा



भोपाल सरपंच एकता महासंघ मध्य प्रदेश के तत्वाधान में मध्य प्रदेश के संपूर्ण सरपंच भोपाल के पत्रकार भवन पर एकत्रित हुए और शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोफा प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह पवार ने बताया कि सरपंचों के संपूर्ण अधिकार छीन लिए गए हैं जिससे सरपंचों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है सरकार हमारे अधिकार सुरक्षित करें ताकि हम गांव में विकास कर सके सरकार एक पंचायत बुलाएं और सभी सरपंचों को बुलाकर उसमें ठोस निर्णय ले

मुख्य मांगे इस प्रकार है-

1. पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ग्राम विकास को सुनिश्चित करना।

2. मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पत्र क्रमांक-2258/MGNREGS-MP/NR-3/Tech./20 24 भोपाल दिनांक-01/07/2024 पारित आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करना।

3. म.प्र. पंचायती राज व ग्राम स्वराज अधिनियम 1993-94 को पुनः पूर्ण रूप से लागू किया जावे।

4. ग्राम पंचायतों में रोजगार सहायक/सहायक सचिव के स्थानांतरण का प्रावधान जल्द लागू किया जावे तथा सचिवों के स्थानांतरण ग्राम पंचायत सरपंचों की अनुशंसा के आधार पर किया जाये।

5. प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2-2 सुदूर सड़क, 5-5 हितग्राही कूप एवं नवीन पुलिया निर्माण कार्य, नवीन स्टॉप डैम, चैक डेम निर्माण, पशु शेड निर्माण, आदि कार्य चालू करवाया जाए।

6. प्रधानमंत्री आवास का नवीन बजट दिया जए, ग्राम पंचायत चुनाव हुए लगभग 2 वर्ष बीत गए अभी तक ग्राम पंचायतों में एक भी नवीन प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं हुए हैं। नवीन प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया जाए।

7. 15 वें वित्त व 5 वें वित्त की राशि से टाईड व अनटाईड की बाध्यता समाप्त की जाए। ग्राम पंचायतों को अपनी आवश्यकतानुसार काम करने की छूट दी जाए।

8. बी.पी.एल. राशन कार्ड का पोर्टल दोबारा खोला जाए जिससे पात्र हितग्राही बी.पी.एल. योजना का लाभ ले सकें।

9. 181 पर झूठी शिकायत करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाए।

10. म0प्र0 शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा स्वीकृत पुलिया चैक डेम, स्टॉप डेम बनकर तैयार हो चुके है, उन पर जिला कलेक्टर के द्वारा रोक लगा रखी है, उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाये। आदि प्रमुख मांगों पर सरकार शीघ्र निर्णय ले

## एक बार फिर सीएमएचओ का भ्रष्टाचार सामने आया

# सीएमएचओ डॉ सरोते निजी कमाई के चलते रजिस्टर्ड फार्मासिस्टों की कर रहे अनदेखी

**मण्डला।** प्रदेश सरकार जहां एक तरफ बड़े-बड़े वादे कर रही है वहीं दूसरी तरफ यदि जमीनी हकीकत स्वास्थ विभाग में देखी जाए तो दवा वितरण से लेकर औषधि प्रशासन विभाग तक के अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर मलाई छान रहे हैं।नेताओं को जितनी भी अधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाती है वो मात्र खानापूर्ति बनकर रह जाती है।

विगत चार वर्षो से लगातार एम पी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा संबंधित विभाग के स्वास्थ मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री महोदय तक पत्राचार करते हुए लगातार बदहाल स्वास्थ व्यवस्थाओं को ले कर आगाह किया जाता रहा है परंतु कोई उचित कार्यवाही नहीं की जाती है।आमजनता के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ और ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है।

समस्त जिलों में बिना फार्मासिस्ट की उपस्तिथि में दवा वितरण धड़ल्ले से हो रहा है।इस संबंध में संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजवीर त्यागी जी ने बताया कि रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट संगठन द्वारा औषधि निरीक्षको से फोन के माध्यम से चर्चा की जाती है तो वो कहते हैं कि कई जिलों का प्रभार है हम नजर नहीं रख पाते हैं ना ही मेडिकल स्टोर्स चेक कर पाते हैं जब शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जाती है मगर कार्रवाही सिर्फ खानापूर्ति ही रहती है जबकि औषधि निरीक्षकों के पदों पर नई नियुक्ति हो चुकी है और वो भोपाल मे एक साल से अराम कर रहे है उन्हें फील्ड में नही भेजा जा रहा है हम कहां कहां पहुंचे।ऐसा जवाब देकर आश्वासन दे दिया जाता है।इन बातों से यह प्रतीत होता है कि सरकारी पैसों का दुरुपयोग होता नजर आ रहा है जबकि सही मायने में तहसील ब्लाक और जिला मुख्यालय स्तर पर औषधि निरीक्षकों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग होना जरूरी है तभी नशे के साथ साथ अवैध दवाओं के कारोबार को रोकना संभव हो पाएगा। प्रदेश सचिव दीपक मिश्रा जी ने बताया की दो वर्षो का डिप्लोमा और चार वर्षो का फार्मेसी पाठ्यक्रम होता है जो की तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत आता है इसकी पढ़ाई करने के बाद जब छात्र फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन के लिए फार्मेसी काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश भोपाल में जाते हैं पूरी प्रक्रिया होने के बाद भी लगभग एक वर्षो से हजारों रजिस्ट्रेशन बिना रजिस्ट्रार सिग्नेचर के कारण जारी नहीं हो पा रहे हैं इस मामले में संगठन को लगातार फार्मासिस्ट शिकायत कर रहे थे जिसके संबंध में रजिस्ट्रार माया अवस्थी जी से संगठन के पदाधिकारी द्वारा चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे तीन से चार विभागो का प्रभार दिया गया है मैं समय नही दे पा रही हूं और नहीं कर पाऊँगी और फोन उठाना बंद कर दिया।सोचने वाली बात ये है कि इसमें फार्मासिस्ट की क्या गलती है।फिर संगठन द्वारा दिल्ली फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष को पत्र लिखा गया और यथास्थिति से अवगत करवाया गया है अभी उनके द्वारा कोई इस संबंध में की जाने वाली कार्यवाही की जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है।

पूरे प्रदेश में सरकार मेडिकल कॉलेज शुरू करने जा रही है जिसमें दवा वितरण कार्य रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट द्वारा किया जाना है परंतु राज्य सरकार ने अभी तक फार्मासिस्ट के पदों पर कोई भी वेकेंसी जारी नही की है।

प्रायः देखने में आ रहा है कि दूसरे कर्मचारियों द्वारा दवा वितरण कार्य करवाया जा रहा है जो कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट और रूल्स के खिलाफ है।यदि राज्य सरकार का औषधि प्रशासन विभाग को सक्त निर्देश जारी किए गए होते तो हाल ही में कोविड-19 जैसी गंभीर महामारी में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को हेलीकाप्टर से रेमडिसिवर इंजेक्शन ना मंगवाने पड़ते,परंतु फिर भी ऐसी घटनाओं से सीख नहीं ली जा रही है।कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो जाती तब तक राज्य सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगती। उपरोक्त विषय पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार संगठन को उग्र आंदोलन करने को विवश कर रही है।एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सह मिडिया प्रभारी सुधांशु मिश्रा ने बताया कि संगठनात्मक पदाधिकारियों और प्रदेश भर के फार्मासिस्ट साथियों से लगातार चर्चा की जा रही है उसके पश्चात मजबूत कदम उठाया जाएगा और अनवरत भूख हड़ताल भी की जायेगी।

### इनका कहना है

प्रदेश की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था लचर है,सरकार की नर्सिंग घोटाला ने जिले में स्वास्थ्य की लापरवाही को सह प्रदान किया है।

**नारायण सिंह पट्टा**
**विधायक विधानसभा बिछिया।**

सोशल मीडिया से







# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुरुपयोग रोकिए

राकेश दुबे

यूँ तो दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के क्षेत्र में बहुत तेजी से प्रगति हुई है। इसके साथ-साथ इसके दुरुपयोग और कुप्रभावों को लेकर चिंताएं भी बढ़ी हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि एआइ के मामले में भारत सरकार दो पहलुओं पर काम कर रही है- इसकी क्षमता को बढ़ाना तथा सुरक्षा के उपाय करना। बीते मार्च में कैबिनेट ने 'इंडिया एआइ मिशन' को स्वीकृति दी थी. अगले दो-तीन महीनों में इस मिशन को प्रारंभ होने के आसार दिख रहे हैं। इसके लिए 10,300 करोड़ रुपये की योजना बनायी गई है। एआइ अनुसंधान को गति देने के लिए 10 हजार से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट की खरीद होगी। साथ ही, अन्वेषण केंद्र, डाटा सेट आदि भी स्थापित होंगे। इस योजना में निजी क्षेत्र की भी भागीदारी होगी। इस मिशन से एआइ के विकास में निवेश बढ़ने की उम्मीद है।

पहले से ही अनेक स्टार्टअप सक्रिय हैं तथा निजी कंपनियां डाटा केंद्र बना रही हैं। वैष्णव ने ग्लोबल इंडिया एआइ समिट को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि तकनीक तक सभी की पहुंच होनी चाहिए। इस संबंध में भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। बहुत कम समय में एआइ ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपयोगिता साबित की है। विशेषज्ञों की मानें, तो इसकी संभावनाएं असीमित हैं। ऐसे में भारत का यह मिशन बहुत आवश्यक पहल है। सरकार के आगे आने से प्रोग्रामरों, डाटा विशेषज्ञों तथा निवेशकों का भरोसा भी बढ़ेगा।उल्लेखनीय है कि बीते कुछ वर्षों से केंद्र सरकार ने शोध एवं अनुसंधान के मद में आवंटन बढ़ाने का सिलसिला भी शुरू किया है।

हमेशा की तरह किसी अन्य तकनीक की तरह एआइ के दुरुपयोग के मामले भी सामने आने लगे हैं। भारत में डिजिटल मसलों से जुड़े कुछ कानून बने हैं और कुछ प्रस्तावित हैं, पर एआइ के क्षेत्र में विशिष्ट नियमन की आवश्यकता है। यूरोपीय संघ ने एक कानून बनाया है तथा अमेरिका में एक आधिकारिक आदेश जारी हुआ है। ऐसी पहलें नियमन का आधार बन सकती हैं, लेकिन जैसा कि वैष्णव ने रेखांकित किया है, प्रभावी तरीके से एआइ के बेजा इस्तेमाल को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन और विचार प्रक्रिया की आवश्यकता है। इंटरनेट और कंप्यूटर नेटवर्कों का विस्तार वैश्विक है। कोई अपराधी कहां बैठकर हैकिंग कर रहा है या डाटा चुरा रहा है या धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा है, इसका पता लगाना तथा रोकथाम करना बहुत ही कठिन है।

भू-राजनीतिक तनावों से ग्रस्त विश्व में तकनीक एक बड़ा हथियार भी बन चुकी है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर नियमन और सहकार होना आवश्यक है। भारत डाटा सेंधमारी का बड़ा निशाना है। एआइ के जरिये भी देश का नुकसान करने की कोशिशें हो सकती हैं। ऐसे में विकास के साथ-साथ सतर्कता बरतना भी जरूरी है।







शांति सद्भावना हेतु वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली भूमिकाएँ निभाने के लिए परम पूज्य जैन आचार्य लोकेश को ताज पैलेस मुंबई में विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय संबंध शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।नॉर्वेजियन नोबेल समिति के उप नेता डॉ एसले टोजे ने समारोह को संबोधित किया। पूज्य आचार्यश्री ने कहा यह मेरा नहीं, भारत की महान आध्यात्मिक परंपरा एवं भगवान महावीर दर्शन का सम्मान है।

## मिराज ग्रुप द्वारा 1 करोड़ वृक्षारोपण अभियान का संकल्प

उदयपुर, एजेंसी। नाथद्वारा स्थित प्रमुख कंपनी मिराज ग्रुप ने 1 करोड़ वृक्षारोपण का संकल्प लेते हुए एक महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य वृक्षों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और राजस्थान, विशेषकर उदयपुर और नाथद्वारा के बीच, हरीतिमा को बढ़ाना है। इस प्रयास के लिए कंपनी ने नीम, अमलतास, पीपल, गुलमोहर आदि जैसे 5 करोड़ बीज और पौधे जुटाए हैं। पिछ्ले कई वर्षों से, मिराज ग्रुप ने व्यापक रूप से राजस्थान के कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया है। कंपनी ने इन वृक्षारोपण अभियानों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए व पेड़ों के वृद्धि और रखरखाव करने के लिए एक समर्पित टीम और बुनियादी ढांचा स्थापित किया है।इस पहल का हिस्सा बने कई उल्लेखनीय उद्यान हैं। उदयपुर के गुलाब बाग में स्थित नक्षत्र वाटिका एक अद्वितीय बाग है जो ज्योतिषीय विषयों को वनस्पति विज्ञान के साथ जोड़ता है, जिसमें प्रत्येक राशि चिह्न को दर्शाने वाले वृक्ष शामिल हैं। इसमें सैर करने वालो के लिए एक एक्यूप्रेशर ट्रैक भी शामिल है। अन्य कई उद्यान जैसे की त्रि-नेत्र सर्कल गार्डन, नाथद्वारा और उदयपुर में महाराणा प्रताप हवाई अड्डा और चेतक सर्कल गार्डन भी मिराज समूह द्वारा निर्मित एवं संचालित किये जाते है। इसके अलावा, समूह ने महाराणा भूपाल जनरल अस्पताल और टीबी अस्पताल में भी उद्यान विकसित करने व हज़ारों पेड़ लगाने का उल्लेखनीय कार्य किया है।

## पेश है डायसन एयरस्ट्रेट स्ट्रेट्नर, सूखे और गीले बालों को एयर से स्ट्रेटेन करने का नया तरीका

**मुंबई, एजेंसी।** दैनिक टेक्नोलॉजी में सुधार लाने की अपनी महत्वाकांक्षा के साथ आज डायसन ने डायसन एयरस्ट्रेट स्ट्रेट्नर पेश किया, जो हवा के साथ गीली से सूखी स्ट्रेट्निंग करता है। इसमें कोई हॉट प्लेट नहीं है, इसलिए हीट डैमेज नहीं होता1।विभिन्न हेयर टाईप्स के लिए बनाए गए ये स्टाईलर बॉडी और मूवमेंट में प्राकृतिक रूप से स्ट्रेट स्टाईल प्रदान करते हैं, और बालों की शक्ति और स्वस्थ लुक को बनाए रखते हैं। इसकी दोनों भुजाओं के बीच बालों पर नीचे की दिशा में उच्च दबाव की हवा पड़ती है, जो एक साथ एक ही मशीन द्वारा उन्हें सुखा भी देती है, और स्ट्रेट भी कर देती है।

डायसन के संस्थापक और चीफ इंजीनियर, जेम्स डायसन ने कहा, ''डायसन एयरस्ट्रेट स्ट्रेटनर की परफॉर्मेंस शक्तिशाली एयरफ्लो की क्षमता और उसके उपयोग की गहरी समझ पर आधारित है। हम पिछ्ले 25 सालों की मेहनत के बाद अपना पहला वेट टू ड्राई हेयर स्ट्रेट्नर पेश करने में समर्थ बने हैं, जिसमें कोई हॉट प्लेट नहीं है, इसलिए यह हीट डैमेज नहीं करता। लोगों को उच्च वेग के एयर ब्लेड के साथ आसानी से इस्तेमाल होने वाला स्ट्रेट्नर प्रदान करके हमने उन्हें समय बचाने, बालों की शक्ति बनाए रखने और प्रतिदिन प्राकृतिक स्ट्रेट स्टाईल प्राप्त करने में समर्थ बनाया है।''

## एंबी लेबोरेटरीज लिमिटेड का आईपीओ 4 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** एग्रोकेमिकल प्रोडक्ट निर्माता, एंबी लेबोरेटरीज लिमिटेड ने 3 जुलाई, 2024 को (एंकर निवेशक के लिए ) और 4 जुलाई, 2024 को (एंकर के अतिरिक्त अन्य निवेशकों के लिए) इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर प्राइस बैंड पर 44.67 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. इश्यू साइज 10 प्रत्येक सम भाव के 65,70,000 इक्विटी शेयर्स तक है. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरत का वित्तपोषण करने और आम कॉर्पोरेट कार्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा.

## एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर में डिजिटल मैमोग्राफी एवं टोमोसिंथेसिस मशीन स्थापित

### स्तन कैंसर की शीघ्र पहचान और उपचार में होगी कारगर





भोपाल।उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि कैंसर की प्रारंभिक पहचान और उपचार को प्राथमिकता देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इंदौर के एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज एवं एम. वाय. अस्पताल इंदौर में डिजिटल मैमोग्राफी एवं टोमोसिंथेसिस मशीन स्थापित की गई है। इस मशीन से स्तन कैंसर के मामलों की जल्द पहचान और प्रभावी उपचार संभव हो सकेगा।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री विवेक कुमार पोरवाल ने बताया कि 1 करोड़ 75 लाख रुपए लागत की डिजिटल मैमोग्राफी एवं टोमोसिंथेसिस मशीन से स्तन की 3 से 5 मिलीमीटर तक की छोटी से छोटी गठान का भी पता लगाया जा सकेगा। महिला मरीजों को इतनी आधुनिक तकनीक से कम शुल्क में यह जाँच उपलब्ध होगी। मध्य प्रदेश के समस्त मेडिकल कॉलेज एवं शासकीय चिकित्सालयों में इस गुणवत्ता की यह पहली मशीन है। उल्लेखनीय है कि स्तन कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर का क़रीब 28 प्रतिशत है। स्तन कैंसर के जल्द चिन्हांकन से त्वरित और कारगर उपचार में यह मशीन वरदान साबित होगी।

## 31 जुलाई से पहले भर दें आयकर रिटर्न, नहीं तो देना होगा भारी जुर्माना




वित्त वर्ष 2023-24 का इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2024 है। इस तारीख तक आयकर रिटर्न फाइल न करने पर 1 से 5 हजार तक जुर्माना लग सकता है...

आयकर देने वालों के लिए आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। टैक्स पेयर्स को हर हाल में इस तारीख तक अपना आयकर भरना होगा। ऐसा न करने पर उन पर भारी जुर्माना लग सकता है। केंद्र सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2023-34 का आयकर भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2024 तय की है।

टैक्स न भरने पर लगेगा जुर्माना

2.50 लाख की वार्षिक आय वालों को इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं करना होता है। 2.50 लाख से 5 लाख रुपए की वार्षिक आय वाले अगर 31 जुलाई तक अपना इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं करते हैं, तो उन्हें 1000 रुपए का जुर्माना लगेगा। 5 लाख से ज्यादा आय वाले अगर सही समय पर रिटर्न फाइल नहीं करते हैं तो उन्हें 5000 का फाइन लगेगा।

तारीख बढ़ने की कितनी संभावना

31 मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष का आयकर फाइल करने का आखिरी तारीख 31 जुलाई है। इस तारीख तक करदाताओं को अपना पूरा ऑडिक करके टैक्स भरना होता है। इसके बाद तारीख आगे बढ़ने की ज्यादा संभावनाएं नहीं होती। ऐसे में जल्द से जल्द अपना इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करें और जुर्माने से बचें।

## आजीवन सीखना आज न केवल अनिवार्य है बल्कि एक परम आवश्यकता भी है: जयन्त चौधरी



नई दिल्ली, एजेंसी। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी ने आज स्किल्स ब्रिज मास्टरक्लास सीरीज में अपने संबोधन के दौरान डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और कोलैबोरेटिव लर्निंग मॉडल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। यह फ्यूचर ऑफ वर्क के लिए आजीवन सीखने (एलएलएल) को बढ़ावा देने पर केंद्रित है और वेबिनार का विषय - एआई-पॉवेरेड स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) फॉर ए फ्यूचर रेडी वर्कफोर्स था। इसका आयोजन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ), विश्व बैंक और यूनेस्को द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। वेबिनार में 120 से अधिक प्रतिनिधियों और 3000 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें चर्चा का विषय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, वर्क बेस्ड लर्निंग मॉडल और कौशल और आजीवन सीखने के इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए इंडस्ट्री एकेडेमिया पार्टनरशिप का लाभ उठाना था। इस वेबिनार में सिएरा लियोन सरकार के टेक्निकल एंड हायर एजुकेशन मिनिस्टर डॉ. हाजा रामातुलई वुरी, आर्मेनिया सरकार के लेबर एंड सोशल अफेयर मामलों के डिप्टी मिनिस्टर रूबेन सार्गस्यान, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी, दक्षिण एशिया के लिए आईएलओ डिसेंट वर्क टीम और भारत के लिए कंट्री ऑफिस के ऑफिसर के डायरेक्टर चाकरून, भारत में नैसकॉम की अध्यक्ष सुश्री देबजानी घोष, विश्व बैंक की लीड एजुकेशन स्पेशलिस्ट सुश्री शबनम सिन्हा, डॉ.अश्विनी अग्रवाल, वर्कग्रुप लीडर आईएलओ जिनेवा; एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी और एनएसडीसी और एनएसडीसी इंटरनेशनल की सीटीओ सुश्री श्रेष्ठ गुप्ता ने भाग लिया।

## थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं एनवीडिया ने एमओयू साईन करने की घोषणा की




दिल्ली एनसीआर, एजेंसी। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी) ने एनवीडिया (एनवीडिया) के साथ एक एमओयू साईन करने की घोषणा की, जिसके तहत एनवीडिया (एनवीडिया) एआई यूनिवर्सिटी प्रोग्राम के तकनीकी सहयोग से थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस (टीएसएएआई) की स्थापना की जाएगी।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दुनिया भर के उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है, शिक्षा के भविष्य को नया रूप दे रही है और जीवन को बदल रही है। टीआईइटी और एनवीडिया के बीच एमओयू के तहत, थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस की स्थापना टीआईइटी के पटियाला कैंपस में की जाएगी। इस इनोवेटिव इनिशिएटिव का उद्देश्य छात्रों और संकाय दोनों को एआई कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए कॉम्प्रेहेंसिव एकेडमिक प्रोग्राम, रिसर्च ओपोर्चुनिटी और इनोवेशन प्रोजेक्ट प्रदान करना है।

थापर इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. पद्मकुमार नायर ने कहा, हम एनवीडिया के तकनीकी सहयोग से इस एआई स्कूल की स्थापना करने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। यह कार्य न केवल एआई विशेषज्ञता में अंतर को पाटेगा बल्कि इस परिवर्तनकारी क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यह हमारे दृष्टिकोण को और भी सुदृढ करता है जो भविष्य के लिए तैयार छात्रों को शिक्षा प्रदान करने का है।

एनवीडिया के एशिया साउथ के प्रबंध निदेशक विशाल धूपर ने कहा, ग्लोबल एआई एजुकेशन इनिशिएटिव में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में, थापर इंस्टीट्यूट पूरे भारत में एआई विशेषज्ञों की एक नई पीढ़ी को तैयार करने के लिए अत्याधुनिक एनवीडिया तकनीकों को एक साथ लेकर आएगा। नया एआई स्कूल एआई विशेषज्ञता में अंतर को पाटने में मदद करेगा और उद्योग में शानदार रिसर्च और इनोवेशन का रास्ता मजबूत करेगा। टीआईइटी जेनरेटिव एआईके विकास और तैनाती के लिए एनवीडिया डीजीएक्स सिस्टम, एनवीडिया ॥100 टेंसर कोर जीपीयूह्य, एनवीडिया 100 टेंसर कोर जीपीयू और एनवीडिया एआईएंटरप्राइज सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए अत्याधुनिक एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करेगा। यह समर्पित डेटा केंद्र लगभग 8 टेराबाइट जीपीयू मेमोरी के साथ 227 पेटाफ्लॉप्स एआईप्रदर्शन प्रदान करेगा।

## सैमसंग ने एआई-पावर्ड डिजिटल उपकरणों के लिए 'बीस्पोक एआई डेज़' ऑफर्स पेश किये

गुरुग्राम, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपने बीस्पोक एआई-पावर्ड डिजिटल उपकरणों की रेंज पर शानदार ऑफर्स का एलान किया है। इन ऑफर्स के साथ, सैमसंग एआई को आम लोगों में लोकप्रिय बनाना चाहता है और अपने डिजिटल उपकरणों को ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंचाना चाहता है। सैमसंग के बीस्पोक उपकरणों की नई रेंज हमारे रोजमर्रा के काम को व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के लिए एआई का इस्तेमाल कर स्मार्ट जीवनशैली की सुविधा देती है। इससे यूजर्स अपने जीवन में अधिक सार्थक काम करने के लिए समय बचा पाते हैं, जो कम करो, बेहतर जिंदगी जियो (डू लेस, लिव मोर) के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

5 जुलाई से अगले 10 दिनों के दौरान ग्राहक एआई-पावर्ड लिविंग के फायदों के बारे में जानने के लिए कंपनी के विशेष ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। ये बीस्पोक एआई-पावर्ड उपकरण उपयोगकर्ताओं को इनकी सेटिंग्स को पर्सनलाइज करने, सभी उम्र के लिए उपयोगकर्ताओं के जरूरत के मुताबिक नियंत्रण प्रदान करने और अधिकतम कार्यक्षमता के लिए त्वरित निदान प्रदान करते हैं।

सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लायंसेज के सीनियर डायरेक्टर सौरभ बैशाखिया ने कहा बीस्पोक एआई के साथ, सैमसंग ने प्रीमियम ग्लोबल टेक्नोलॉजी को भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है। ये घरेलू उपकरण सभी उपभोक्ताओं को उनके जरूरत के मुताबिक विकल्प, आसान कंट्रोल, असाधारण सुविधा, ऊर्जा की बचत और अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करते हैं। बीस्पोक एआई डेज़ ऑफ़र के जरिए हमारा लक्ष्य उन ग्राहकों को आकर्षक कैशबैक और जीरो डाउन पेमेंट सुविधा प्रदान करना है जो घरेलू उपकरणों के प्रीमियम सेगमेंट में अपग्रेड करना चाहते हैं। यह सीमित अवधि की पेशकश एआई को और अधिक सुलभ बनाती है, जिससे हमारे ग्राहक कम काम करके बेहतर जीवन जी सकते हैं।

आधुनिक भारतीय परिवारों को स्मार्ट घर बनाने की सुविधा देते हुए, सैमसंग के बीस्पोक एआई-पावर्ड डिजिटल उपकरणों की रेंज पर रोमांचक ऑफर 5 जुलाई से 14 जुलाई, 2024 तक लागू हैं। बीस्पोक एआई डेज़ ऑफर्स सेमसंग.काम प्रमुख रिटेल स्टोर और अन्य ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर लागू होंगे, जिससे देश भर के उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी।

बीस्पोक एआई डेज़ के दौरान सैमसंग के एआई-पावर्ड डिजिटल उपकरण खरीदने वाले ग्राहक 20000 रुपये तक के कैशबैक और जीरो डाउन पेमेंट जैसे बड़े फायदों का आनंद ले सकते हैं। उपभोक्ता एआई-आधारित इकोबबल वॉशिंग मशीन मॉडल पर 9000 रुपये कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं, जबकि बीस्पोक एआई माइक्रोवेव ओवन 12,000 रुपये के कैशबैक के साथ मिलेगी।

सैमसंग के एआई- पावर्ड रेफ्रिजरेटर में एआई विज़न कैमरा लगा है जो शुरुआत में 33 खाने-पीने की चीजों की स्वचालित पहचान करने में मदद करता है। रेफ्रिजरेटर अपने स्क्रीन के जरिए, संग्रहीत खाद्य पदार्थों के आधार पर दोपहर या रात के खाने के लिए क्या पकाना है, इसका सुझाव देता है। इसके अलावा, स्मार्ट फ़ूड मैनेजमेंट सिस्टम के साथ, उपयोगकर्ता यह जान सकते हैं कि रेफ्रिजरेटर में कोई खास खाद्य पदार्थ कब समाप्त होने वाला है।

एआई- पावर्ड इकोबबल वॉशिंग मशीन मॉडल एआई कंट्रोल के साथ आते हैं। येउपयोगकर्ताओं की लॉन्ड्री रूटीन को देखता है और उसके अनुसार ढल जाता है, अधिकतम कार्यकुशलता और सुविधा के लिए वॉश साइकिल को व्यवस्थित करता है। इसके अलावा, एआई वॉश फीचर लोड के वजन, शामिल कपड़ों के प्रकार और उनकी कोमलता, पानी के स्तर, गंदगी के स्तर और डिटर्जेंट के स्तर को पहचानकर कस्टम वॉश रेसिपी तैयार करता है। इसके अलावा, वॉशिंग मशीन में 45त्न केयर फैब्रिक टेक्नोलॉजी भी है, जो नाजुक कपड़ों को उनकी उम्र बढ़ाने के लिए कोमल लेकिन असरदार ढंग से साफ करती है।

# भाजपा ने आदिवासियों का हमेशा सम्मान किया: डॉ.मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने छिन्दी सुरलाखापा में जनसभा को सम्बोधित किया

**छिंदी की जनता की मांग पर बनेगी उप तहसील और कॉलेज  छिंदवाड़ा को विकास का ग्रहण लगा था, जनता ने हटा दिया जामसावली में बनेगा हनुमान लोक, हवाई सेवा होगी शुरू**



छिंदवाड़ा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने छिंदवाडा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह के समर्थन में छिंदी एवं सुरला खापा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि छिंदवाड़ा को विकास का ग्रहण लगा था अब जनता ने हटा दिया है। यहां अब विकास ही विकास होगा। छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज को बजट में 2 करोड़ की राशि रखी गई है, वहीं अमरवाड़ा में विकास कार्यों के लिए अलग से राशि रखी गई है। यहां कॉलेज भी होगा और जनता की मांग पर उप तहसील भी खोली जाएगी। छिंदवाड़ा में सिर्फ एक ही परिवार का विकास हुआ है बाकियों का नहीं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि यहां केवल एक ही परिवार हेलीकॉप्टर में घूमता था, लेकिन अब आयुष्मान योजना के तहत कोई बुजुर्ग बीमार होगा और उसे इलाज के लिए आवश्यकता होगी तो उसे दूसरी जगहों पर हेलीकॉप्टर से लेकर जाया जाएगा। जनसभाओं को प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, सांसद विवेक बंटी साहू, पार्टी प्रत्याशी कमलेश शाह ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुरला खापा में पूर्व सरपंच  अखिलेश धुर्वे के निवास पहुंचकर भोजन किया।

### आदिवासी बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा आदिवासियों का सम्मान किया है। कांग्रेस हमेशा आदिवासियों का अपमान करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्टपति बनाने का काम किया। वहीं, बिरसा मुंडा को सम्मान दिलाने का काम किया। प्रदेश सरकार ने रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई के नाम से सम्मान और टंट्या मामा विश्वविद्यालय बनाने का फैसला लिया। कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों के वोट लेने का काम किया है। हमारी पार्टी ने आदिवासियों का ध्यान रखकर विकास की दिशा में कदम उठाया है।

### कोदो-कुटकी खरीदेगी सरकार, चिरोंजी का कारखाना लगेगा

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि आने वाले समय में कोदो-कुटकी को प्रदेश सरकार 4290 रुपए प्रति क्विंटल के दाम से खरीदेगी। चिरोंजी का कारखाना लगाया जाएगा और दूध पर बोनस दिया जाएगा। जड़ी बूटियों को उचित दाम मिले इसके लिए सरकार की तरफ से प्रयास किए जायेंगे। वन क्षेत्र में जिन्हें पट्टे नहीं मिले हैं,उन्हें सरकार आने वाले समय में पट्टे देगी। डॉ.यादव ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों को विकसित करने के लिए कोई कमी नहीं रखी जाएगी और किसानों को फसलों के लिए पानी मिले इसके लिए भी सिंचाई के लिए उचित कदम उठाए गए हैं। वहीं, बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार पढ़ाई के लिए पैसे भी देगी और कोचिंग भी कराई जाएगी।

### जामसावली में बनेगा हनुमान लोक, हवाई सेवा शुरू होगी

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि यहां के एक बड़े नेता ने बड़ा हनुमान जी का मंदिर बनवाया, लेकिन जामसांवली हनुमान मंदिर में एक ईंट तक नहीं लगाई। सरकार जामसांवली में हनुमान लोक बनाएगी और यहां से नागपुर की हवाई सेवा भी शुरू की जाएगी, ताकि लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। नस्लीय टिप्पणी करने पर लोकसभा चुनाव के दौरान इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सोम पित्रोदा को हटा दिया था, लेकिन अब वापस लेकर उन्हें उपकृत कर जनता के साथ कांग्रेस ने विश्वासघात किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे किसान दिन रात खेत-खलिहानों में मेहनत करते हैं, लेकिन कांग्रेस के लोग उनका अपमान करते हैं। लाड़ली बहनों के खाते में जाती रहेगी राशि मुख्य मंत्री ने सामाजिक संगठनों को संबोधित किया।

### इन्होने ली सदस्यता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष अमरवाड़ा विधानसभा के सुरलाखापा के



बाराहीरा में 200 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासोन्मुखी कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों में कुबेर चौरे, रामकुमार अहिरवार, देवानंद अहिरवार, संजय अहिरवार, विनय चौरे, सुनील यादव, राकेश यादव, बिस्तुराम यादव, परसाटोला सुरलाखापा के उपसरपंच डालचन्द्र राय सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल है।

### ये थे उपस्थित

छिंदी एवं सुरलाखापा की जनसभा में केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, पार्टी की प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, सांसद बंटी विवेक साहू, जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, शैलेन्द्र बरुआ, प्रभारी संतोष पारीख, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, विजय झांझरी, टीकाराम चंद्रवंशी, सुश्री मोनिका बट्टी, पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे, हरिशंकर उइके, दिनेश अंगारिया, सैय्यद जाफ़र, परमजीत विज, श्रीमती कांता ठाकुर, अखिलेश शुक्ला, सीताराम डेहरिया, श्रीमती कामिनी शाह, उत्तम ठाकुर, अजय सक्सेना, विजय पांडे, अज्जू ठाकुर, हज़ारी साहू, पवन बंजारा सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारी बारिस होने की संभावना

छिंदवाड़ा। भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान (06 जुलाई ङ्क 10 जुलाई 2024) घने बादल रहने एवं दिनांक 06.07.2024 तथा 10.07.2024 को तूफान और बिजली के साथ मध्यम से भारी बारिस होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 30-32 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 21-22 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है। अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 88-91 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 64-70 प्रतिशत रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हवा पश्चिम दिशा में बहने एवं 14-19 कि. मी. प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

## मक्के में यूरिया डालने का देसी जुगाड़ वीडियो हुआ वायरल



छिंदवाड़ा। कार्न सिटी छिंदवाड़ा जो अपने मक्का उत्पादन के लिए विश्व प्रसिद्ध है यहां के किसान मक्के की बंपर पैदावार लेने के लिए एवं अपने कृषि कार्यों को सुगम एवं सरल बनाने के लिए नए-नए जुगाड़ करने में माहिर है। इसी क्रम में अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम कोपखेड़ा के अनुभवी एवं प्रगतिशील कृषक जयओम सूर्यवंशी के द्वारा यूरिया डालने में लगने वाला समय को कम करने के लिए एवं यूरिया की मात्रा को संतुलित करने के लिए बहुत ही सरल एवं शानदार जुगाड़ किया जिससे यूरिया को खेतों में डालना बहुत ही सरल एवं समय की बचत करने वाला साबित हुआ यूरिया डालने का यह वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है।

## समग्र केवाईसी न कराने पर विलोपित हो जाएगी समग्र आईडी

### सात दिन बाद निगम करेगा कार्यवाही

छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा 48 वार्डों में शिविरों के माध्यम से समग्र ई केवायसी का कार्य प्रगतिरत है। जिसमें प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य की समग्र ई केवायसी की जा रही है परन्तु समग्र पोर्टल में दर्ज विभिन्न आईडी धारकों द्वारा समग्र ई केवायसी का कार्य नहीं कराया जा रहा है। आमजन अपनी समग्र ई केवायसी सात दिवस के भीतर वाडों के शिविरों में, एमपी ऑनलाईन, कियोस्क सेंटरों में, जोन कार्यालयों, योजना कार्यालय में अथवा स्वयं समग्र पोर्टल पर भी कर सकते है।जिन परिवार एवं सदस्यों की समग्र ई केवायसी नहीं हुई है उनकी वार्डवाईज सूची निकाय की वेवसाईट पर देखी जा सकती है। निकाय द्वारा इस संबंध में रिपोर्ट तैयार की जा रही है, सात दिवस के उपरान्त जिन सदस्यों द्वारा अपनी समग्र आई.डी. की केवायसी नहीं कराई जावेगी उन्हें क्षेत्र में निवासरत होना नहीं माना जाकर पोर्टल पर समग्र आई.डी. विलोपन की कार्यवाही की जावेगी। नगर निगम द्वारा निकाय के सभी नागरिकों को अपनी अपनी समग्र आई.डी. की ई केवायसी करावे एवं असुविधा से बचने की अपील की गई है।

## सुहावने मौसम में साइकिल पर पातालकोट के लिए निकले साइक्लिस्ट



**छिन्दवाड़ा।** दो विदेशियों सहित 18 साइक्लिस्ट शुक्रवार की सुबह बेहद सुहावने और मनमोहक मौसम में साइकिल पर सवार होकर पातालकोट के लिए निकले। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा साइकिल सफारी के सहयोग से आयोजित हो रहे इस टूर में पहले दिन करीब 62 किलोमीटर की दूरी तय की गई। शाम को पातालकोट पहुंचे देश-विदेश के साइक्लिस्टों ने आदिवासियों से बातचीत की। रात यहां रूकने के बाद शनिवार को साइकिल सवार चिमटीपुर-रातेड़-कारेआम में घूमेंगे और वनवासी जीवन को करीब से देखेंगे। रविवार 07 जुलाई को पातालकोट से बिजौरी-तामिया-देलाखारी और झिरपा होते हुए साइक्लिस्ट पचमढ़ी पहुंचेंगे, जहां साइकिल सफारी का समापन होगा। साइक्लिस्ट तीन दिनों में 200 किलोमीटर का सफर सतपुड़ा अंचल में कर रहे हैं। छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पार्थ जैसवाल के कुशल मार्गदर्शन में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिले में अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और साइकिल सफारी के साथ यह आयोजन किया जा रहा है, जो छिंदवाड़ा व नर्मदापुरम जिले में हो रहा है।

## बंटी भाई ने छिंदवाड़ा में लगा कलंक का टीका हटाया और 1 लाख से अधिक वाटों से जीते: डॉ मोहन यादव





छिंदवाड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा की देश के 543 में से एक मात्र सीट छिन्दवाड़ा थी जिसमें कलंक का टीका लगा था, कि क्या छिन्दवाड़ा का व्यक्ति सांसद नहीं बन सकता, लेकिन आप ने क्या खूब वोट दिया है एक लाख वोट से भी अधिक बंटी भाई जीते मुख्यमंत्री ने कहा कि कहते थे कांग्रेस का गढ़ है जीतना असंभव है, हमने कहा गढ़ नहीं गडवड है अब अमरवाडा के विकास के लिए कमलेश शाह भाजपा में आए है उन्हें जिताएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा की छिन्दवाड़ा और अमरवाडा के लिए सरकार ने दो हजार करोड का बजट अलग-अलग योजना के लिए रखा है। कांग्रेस को जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। चुनाव में आयेगें। झूठ बोलेगें कि विकास करेगें मुख्यमंत्री ने कहा कि कहां से विकास कर देगें केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार है। प्रदेश में भाजपा की सरकार है और कांग्रेस कह रही है। हमको जिताओं मुख्यमंत्री ने कहां की अमरवाडा के विकास के लिए भाजपा के प्रत्याशी कमलेश शाह का जीतना जरूरी है।

## जिले में अभी तक 212.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 212.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 278.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 05 जुलाई को प्रात॰ 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 05 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 5.2, मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लिये आवेदन आमंत्रित

छिन्दवाड़ा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा के महाप्रबंधक ने बताया कि म.प्र.शासन सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला छिंदवाड़ा तथा जिला पांढुर्णा में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत युवाओं को नवीन उद्योग (विनिर्माण), सेवा एवं व्यवसाय स्थापित किये जाने के लिये जिले में संचालित बैंक शाखाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उद्योग संचालनालय, म.प्र. शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग भोपाल के द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत व्यवसाय, उद्योग (विनिर्माण) एवं सेवा श्रेणी के इकाईयों के लिये ऋण आवेदन 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के आवेदकों के द्वारा किये जा सकते है। व्यवसाय व सेवा श्रेणी के उद्यम के लिए 50 हजार से 25 लाख एवं उद्योग (विनिर्माण) श्रेणी के उद्यम के लिए 50 हजार से 50 लाख तक के आवेदन https://samast.mponline.gov.in पर जाकर किये जा सकते है।इस योजना के तहत उद्यमी 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक के लिए नियमित किस्ते भुगतान करने की स्थिति में ब्याज अनुदान के लिये पात्र होगा तथा ऋण गारंटी सीजीटीएमएसई शुल्क की प्रतिपूर्ति 7 वर्षों तक की जायेगी।

## परतला की स्वर्ण विहार कॉलोनी घोषित हुई अवैध, साईंनाथ डेवलपर्स पर गिरी गाज

### निगमायुक्त ने जारी किया आदेश, अवैध कालोनी में प्रथम बुकिंग पर दे रहे थे सोने का सिक्का

**छिंदवाड़ा।** जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के आदेश पर जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के आधार पर नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए परतला स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 112 एवं कुल रकबा 1.39 हे. है इसे अवैध कॉलोनी घोषित करने का आदेश पारित कर दिया। नगर निगम के उपयंत्री द्वारा स्थल निरीक्षण में पाया गया था कि उक्त भूमि पर भूमिस्वामी द्वारा बगैर विकास अनुज्ञा प्राप्त किए सड़को का निर्माण किया जा रहा है जो कि मध्यप्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 का स्पष्ट उल्लंघन है। इस संबंध में भूमिस्वामी अनुप्रभा श्रीवास्तव, अमिय श्रीवास्तव, अवनिता श्रीवास्तव एवं कालोनाइजर अमरदीप परसवानी निवासी छिंदवाड़ा को अवैध कॉलोनी काटे जाने के संबंध में नोटिस भी जारी किया गया था।संबंधितों द्वारा अखबारों एवं अन्य प्रचार के माध्यमों से भ्रामक विज्ञापन कर भूमि के विक्रय का प्रयास भी किया जा रहा है। जिससे आमजन को असुविधा एवं समस्याओं का समाना करना पड़ सकता है। निगमायुक्त श्री राय द्वारा शनिवार को जारी आदेश में संबंधितों के ऊपर पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही करने के साथ ही आम जन को उक्त भूस्वामी एवं कॉलोनाइजर से किसी भी प्रकार का भूमि तथा भवन क्रय-विक्रय न करने की सलाह दी गई है।

### भूखंडों का विक्रय करने के बाद दिया आवेदन हुआ निरस्त

उक्त भूस्वामियों एवं कॉलोनाइजर द्वारा पूर्व में भूखंडों का विक्रय किया गया, इसके साथ ही बिना विकास अनुज्ञा के परिक्षेत्र में आंतरिक संरचाओं का निर्माण कर लिया गया था। इसके बाद कार्यवाही होने पर संबंधितों द्वारा कॉलोनी को वैध करने का आवेदन दिया गया, जिसे नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा निरस्त कर दिया गया।

## कैंटाबिल रिटेल ने पुरुषों, महिलाओं, किड्स वियर और एक्सेसरीज़ की एक बेहतरीन श्रृंखला का अनावरण

**रीवा।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड रीवा में अपने ब्रांड- न्यू रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1350 और 2100 वर्गफुट में क्रमशः फैले ब्रांड के यह स्टोर मेन इलाहाबाद रोड, पवार गैस गोदाम के पास, रीवा, मध्य प्रदेश 486001 में स्थित है। जो ब्रांड की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। स्टोर के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, श्री दीपक बंसल ने कहा, हम रीवा में अपना नया स्टोर शुरू करके बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल रिटेल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में अपने तमाम ग्राहकों के बीच काफी सराहना हासिल की है। हमारा यह नया स्टोर पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों तथा एक्सेसरीज़ के साथ-साथ फैशन-फ़ॉरवर्ड परिधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करते है। अपने ग्राहकों को ट्रेंडी लेकिन प्रतिस्पर्धी फैशन परिधानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, हमने मध्य प्रदेश में अपने नये स्टोर खोले हैं। पूरे भारत में एक मजबूत उपस्थिति के साथ, हमारा लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अपनी रिटेल उपस्थिति को और अधिक आक्रामक रूप से विस्तारित करना है। पुरुषों, के लिए फॉर्मल-वियर, कैजुअल और अल्ट्रा-कैजुअल कपड़ों के साथ-साथ फुटवियर, महिलाओं और बच्चों के लिए एक्सेसरीज़ के व्यापक चयन की पेशकश करने के लिए समर्पित कैंटाबिल के यह रिटेल स्टोर रिटेल एक्सपीरियंस को फिर से परिभाषित करते हैं। इस लेटेस्ट जुड़ाव के साथ ही, कैंटाबिल ने देश भर में 543 स्टोर खोलकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जो ब्रांड की फैशन इंडस्ट्री में लीडर के रूप में स्थिति को और अधिक मजबूत करता है। कैंटाबिल रिटेल हमेशा से ही अत्याधुनिक शैली में प्रीमियम कपड़े पेश करने में सबसे आगे रहा है। ब्रांड हर साल एक आरामदायक, क्लासिक और स्टाइलिश कलेक्शन तैयार करता है, जो ब्रांड को तेजी से बदलते समय के हिसाब से एक नई पहचान प्रदान करता है।

## छिंदवाड़ा रेल्वे स्टेशन में रेल कोच में होगा रेस्टारेन्ट



छिंदवाड़ा। रेलवे ने देश के अलग-अलग स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट शुरुवात की है। कई स्टेशनों पर यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाओं का अहसास कराने के लिए रेल कोच रेस्टोरेंट खोले जा रहे हैं,जिसकी जिम्मेदारी टेंडर निकालकर प्राइवेट एजेंसियों को दी जा रही है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा भी रेल यात्रियों तथा शहर के आम लोगों को स्वादिष्ट व्यंजनों उपलब्ध कराने के उद्देश से मंडल के अंतर्गत गोंदिया, छिंदवाडा तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी रेलवे स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये सभी वर्गो के व्यापारियों को इस रेल कोच रेस्टोरेंट का ठेका देने के लिए निविदा जारी कर दी है ताकि इन स्टेशनों में रेल कोच रेस्टोरेंट का लाभ न केवल रेल यात्रियों बल्कि आस-पास के आम लोगों को भी 24 घंटे मिल सकें।

## 2 ट्रैक्टर से बैटरियां गई चोरी

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बड़ेला के रहने वाले कामता चंद्रवंशी ने 3 जुलाई की रात्रि में खेती का काम करके ट्रैक्टर अपने घर के सामने खड़7 कर दिया था ,सुबह जब उठा 7 बजे तो उसने देखा उसके ट्रैक्टर की बैटरी अपने स्थान पर नहीं है ,उसे कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया।

## वरिष्ठ अधिवक्ता प्रसून श्रीवास्तव का निधन



**छिंदवाड़ा।** वरिष्ठ अधिवक्ता, वरिष्ठ इंकानेता बार एसोशियेशन के पूर्व अध्यक्ष प्रसून श्रीवास्तव का आज दोपहर हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे अपने पीछे एक पुत्र अनुराग श्रीवास्तव, पुत्री, भतिजे एडव्होकेट मनीष श्रीवास्तव एवं शिरिश श्रीवास्तव छोड़ गये। श्री श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार स्व. सुनील श्रीवास्तव के बड़े भाई थे। श्री प्रसून श्रीवास्तव युवक कांग्रेस से जुड़े थे, वे महेश जोशी एवं दिग्विजय सिंह एवं कमलनाथ से जुड़े थे। लोकसभा चुनाव होने पहले उन्होने कांग्रेस छोड़ दी थी। वे दो बार ऐसोसियशन के अध्यक्ष रहे एवं कई समाजिक संस्था से जुड़े थे। उनकी अंत्येष्ठी में सभी वर्गो के लोगों ने भाग लेकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## लायंस क्लब विदिशा बेतवा ने मनाया संस्थापन दिवस




**सांध्य प्रकाश, विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा बेतवा द्वारा विदिशा में ऐतिहासिक संस्थापन दिवस मनाया गया। जिसमें पीएमसी वाइस गेट एरिया लीडर 3233 की नोट स्पीकर एंड इंस्टॉलेशन ऑफिसर एमजीएफ कुलभूषण मित्तल एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ मनीष शाह, फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ, सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर महेश मालवीय, रीजन चेयरपर्सन 8 संध्या शिलाकरी, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अतुल रतन शाह, ऑर्गेनाइजिंग कमिटी चेयरपर्सेन गोयल, जॉन चेयरपर्सेन आरती शर्मा, जोन चेयरपर्सन 2 रेखा गुप्ता, जॉन चेयरपर्सन 3 राजेश जैन प्रीत एवं सभी लाइंस क्लब की पीएसटी अध्यक्ष अंजू मित्तल, सचिव सुचिता सराफ, कोषाध्यक्ष स्वाति चौकसे एवं सभी बेतवा टीम के मेंबर्स उपस्थित रहे एवं संस्थापक दिवस को सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा नई कार्यकारिणी समिति 2004-25 का गठन किया गया।

### एक प्रकरण में जिला बदर की कार्यवाही

**सांध्य प्रकाश, विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर की कार्यवाही की गई है। उनमें अनावेदक तनवीर अख्तर पिता रईस खां, निवासी पानी की टंकी के पास किले अन्दर विदिशा थाना कोतवाली विदिशा के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही का आदेश जारी हुआ है। अनावेदक विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किये गए है।

## कान्वेंट स्कूल पहुंच मार्ग पर कीचड़ और गड्ढों से बच्चे हो रहे परेशान



सांध्य प्रकाश, विदिशा। विदिशा के ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल जहां शहर के लगभग तीन हजार से अधिक बच्चे शिक्षा लेते हैं। बच्चों के आवागमन के लिए प्रमुख मार्ग जो कि स्कूल परिसर के गेट क्रमांक 2 के सामने है। वहां बारिश के चलते बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे बच्चों को आने-जाने में अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने एक लिखित शिकायत स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ कलेक्टर विदिशा, जिला शिक्षाधिकारी विदिशा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विदिशा को सौंपी है। जिसमें जिक्र है कि इस रोड पर जो बड़े-बड़े गड्ढे हैं, उन्हें तुरंत ही भरवाया जाए। यदि इस रोड से गुजरते समय बच्चों के साथ किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उसके लिए स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार होगा।

### इनका कहना है

रोड को रिपेयरिंग के लिए नगर पालिका विदिशा को आवेदन दे दिया गया है और नगरपालिका द्वारा आश्वस्त किया गया है कि शीघ्र-अतिशीघ्र रोड की रिपेयरिंग करके बच्चों को आवागमन हेतु सुलभ करा दिया जाएगा।

- सिस्टर मरिया, प्रिंसिपल

## पं. प्रदीप मिश्रा की श्री महापुराण कथा का समापन




सांध्य प्रकाश, विदिशा। 30 जून से विदिशा में गिरधर कॉलोनी में चल रही शिव महापुराण कथा का आज शनिवार को 7 दिन पूर्ण होने के साथ समापन हुआ। आखिरी दिन सुबह 8 बजे से 11 तक कथा का आयोजन हुआ। अंतिम दिन कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने विदिशा के नागरिकों, श्रद्धालुओं जनप्रतिनिधियों, आयोजन समिति, पत्रकारों, पुलिस और प्रशासन का धन्यवाद दिया कि विपरीत परिस्थितियों में भी तमाम प्रयास कर कथा को 7 दिन पूरा कराया गया। वहीं पिछले अन्य दिनों के मुकाबले आखिरी के दो दिन श्रद्धालुओं की भीड़ अपेक्षाकृत ज्यादा रही।

# मौका दस्तूर भुट्टा ...प्रदेश की राजनीति में बना चर्चा का विषय

## सत्ता का पावर हब बन रहा है कैलाश का शिवाजी नगर बंगला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजनीति में इन दिनों मौका, दस्तूर और भुट्टा चर्चा का विषय बना हुआ है। (मौका) यानि की मध्यप्रदेश की विधानसभा, (दस्तूर) यानी कि मध्यप्रदेश की विधानसभा में (घोटाले) की चर्चा और तीसरा है (भुट्टा) मतलब मध्यप्रदेश की राजनीति में विधानसभा सत्र के समाप्त होने के बाद भुट्टे के इर्द-गिर्द राजनीति सिमट गई।

मध्यप्रदेश में शुक्रवार को विधानसभा की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने के विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसके नेता प्रतिपक्ष शिवाजी नगर में मुंह फुलाए घर में बैठ गए



लेकिन इस बीच में भुट्टे की एंट्री विश्वास के लिए हो गई। *सत्ता पक्ष और प्रदेश की मीडिया के नुमाइंदार कांग्रेस की छाती पर मूंग दलने के लिए इकट्ठे हो गए। इन सबको इकट्ठा करने के सूत्रधार बने कैलाश। अब यह कैलाश कौन है? एकाएक चर्चा का विषय, कैलाश भुट्टा बन गए।

पिछले कुछ वर्षों से कैलाश और भुट्टा मध्य प्रदेश की राजनीति से गायब थे लेकिन वर्ष 2024 में इन दोनों की एंट्री हो गई। एंट्री भी जहा हुई। उस जगह का नाम है शिवाजी नगर। वैसे भी कैलाश और शिवाजी नगर का जुड़ाव वर्षों से रहा है।

ऐसे में शिवाजी नगर जहा पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी का मुख्यालय और नेता प्रतिपक्ष का सरकारी घरौंदा है। माता संतोषी के दिन प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने वर्षा कालीन सत्र में सदन के अंदर कांग्रेस को घोड़ा पछाड़ पटकनी (घोटालो की चर्चाओं) पर दी तो वही 5 दिन में ही सदन की कार्यवाही (भगवा) ताकत के सामने झुक गई और रही बची कसर कैलाश ने अपने शिवाजी नगर स्थित बंगले पर भुट्टा पार्टी कर के कर दी। धीरे-धीरे पावर हब बन रहे शिवाजी नगर के कैलाश के बंगले पर प्रदेश सरकार के सुप्रीमो, भाजपा के सुप्रीमो, संगठन और सरकार के समन्वयक, सत्ता के चार्म (20 वर्षों के) मीडिया कर्मियों ने भुट्टा पार्टी को भुट्टा महोत्सव बना दिया।

यहा शिवाजी नगर का मतलब यह है कि पहले भी यहा नदी का घर सत्ता का केंद्र था। जहा (सरकार) टुंनकियो के इशारे पर नाचा करती थी। वे तो अब नहीं है लेकिन मालवा के छत्रपति कैलाश और शिवाजी नगर फिर से चर्चाओं में आ गए हैं। ऐसे में शिवाजी नगर से लेकर श्यामला हिल्स तक मालवा का वर्चस्व किस ओर मुड़ता है? अभी समय के गर्भ में है

# पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा बुक करने की प्रक्रिया निर्धारित

**इंदौर।** प्रदेश में एयर एम्बुलेंस के माध्यम से अत्यंत गंभीर रोगियों/दुर्घटना पीड़ितों को प्रदेश/देश के उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में त्वरित विशेष चिकित्सकीय उपचार हेतु त्वरित परिवहन सुविधा प्रदायगी को दृष्टिगत रखते हुए पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया है।

इंदौर में कलेक्टर आशीष सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या एवं सेवा प्रदाता संस्था के प्रदेश के प्रमुख




कर्नल आनंद की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेवाओं की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। 'पी.एम. श्री एयर एम्बुलेंस सेवा को बुक करने की प्रक्रिया के संबंध में बताया गया कि सबसे पहले आम नागरिकों को अपने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूाह्र) डॉ. बी.एस. सैत्या मो.नं. 7869290702) को कॉल करके अपनी आपातकाल स्थिति से अवगत कराना होगा। उक्त अधिकारी प्रकरण को समझ कर अपने उच्च अधिकारी से अनुमोदन लेगें। इसके अलावा आईकेट एयर एम्बुलेंस कमांड सेंटर के फोन नंबर 9111777858 पर भी कॉल किया जा सकता है। साथ ही राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिये गये हेल्प लाईन नंबर 0755-4092530 पर भी संपर्क किया जा सकता है। सशुल्क एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए जारी किये गए त्तक्र्कोड को स्केन कर भी सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। इस एयर एम्बुलेंस सेवा में एक हेलीकॉप्टर और एक हवाई जहाज मरीज को प्रदेश के अंदर एवं प्रदेश के बाहर उच्च चिकित्सा केंद्र में ले जाने के लिए उपलब्ध रहता है। पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा' के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक जिनवाल (मो. नं. 8770640377) हैं। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए यह सेवा निःशुल्क रहेगी।

# मजबूती परखने जीजी फ्लायओवर पर खड़े किए 200 टन के 14 डंपर

**भोपाल।** शहर में 148 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे जीजी फ्लायओवर (गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर) की लोड टेस्टिंग का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए शुक्रवार को 200 टन के 14 डंपरों को लाकर फ्लायओवर पर खड़ा कर दिया गया। यह प्रक्रिया चौबीस घंटे जारी रहेगी। इससे पहले जीरो लोड कर फ्लायओवर की प्रतिक्रिया देखी गई और 20 टन वजन के साथ फ्लायओवर का डायल गेज और तापामान मापा गया। जानकारी के अनुसार फ्लायओवर की लोड टेस्टिंग प्रक्रिया शुरू करने से पहले गुरुवार से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई थी। इसके लिए डंपरो में मिट्टी और पत्थर भरना शुरू कर दिया गया था। इसके बाद शुक्रवार सुबह से एक-एक कर डंपर फ्लायओवर पर ले जाना शुरू किया। इस पर लगभग 14 डंपर खड़े किए गए हैं, जिनका वजन 200 टन है। लोड टेस्टिंग के लिए पीडब्लयूडी द्वारा मशीनें लगा दी गई थी। पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री जावेद शकील ने बताया कि लोड टेस्टिंग की प्रक्रिया चौबीस घंटे जारी रहेगी। इसके बाद फ्लायओवर को लेकर आगे की टेस्टिंग की जाएंगी। बता दें कि पीडब्ल्यूडी ने वल्लभ भवन रोटरी से गणेश मंदिर के बीच फ्लायओवर का निर्माणकार्य पूरा कर लिया है। गायत्री मंदिर के पास की थर्ड लेन का काम अभी बचा है। मेट्रो रेल कंपनी ने गणेश मंदिर के सामने आरओबी का काम पूरा करने की तारीख 20 सितंबर तक दी है। इसके बाद ही आरकेएमपी से वीर सावरकर सेतु की ओर जाने वाली सर्विस रोड को पीडब्ल्यूडी बना पाएगा।

# विश्व जूनोसिस दिवसः जूनोसिस एक ऐसी बीमारी है जो जानवरों से इंसानों में फैल सकती हैः योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि इसे मनाने का उद्देश्य पशुजन्य रोगों की विकराल समस्या के प्रति विश्व भर में जागरूकता फैलाना है। आज से 139 वर्ष पूर्व 6 जुलाई 1885 को फ्रांस में लुई पाश्चर ने रेबीज के टीके की खोज की थी।

आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और व्यवहारिक कारणों से ऋषि मुनियों ने भगवानों के वाहनों के रुप में पशु - पक्षियों को जोड़ा है। यह भी माना जाता है कि देवताओं के साथ पशुओं को उनके व्यवहार के अनुरूप जोड़ा गया है। अगर पशुओं को भगवान के साथ नहीं जोड़ा जाता तो शायद पशु के प्रति हिंसा का व्यवहार और ज्यादा होता। इससे प्रकृति और उसमें रहने वाले जीवों की रक्षा का एक संदेश दिया है। हर पशु किसी न किसी भगवान का प्रतिनिधि






है, उनका वाहन है, इसलिए इनकी हिंसा नहीं करनी चाहिए।

योग गुरु अग्रवाल ने कहा कि रोगों का पशु-पक्षियों से मनुष्यों में संक्रमण या तो सीधे सम्पर्क से होता है, या सान्निध्य से या संक्रमित मांस खाने या जल पीने आदि से। मॉसाहारी भोजन तो इन रोगों के संक्रमण का मुख्य श्रोत है ही। जब से पशुजनित रोगों के विषय में जानकारी होती गयी, समय-समय पर इनके संक्रमण को रोकने के लिए कदम उठाये गये। वर्ष 2009 में भारतीय संसद ने पशु संक्रामक और संसर्गजन्य रोग निवारण एवम् रोकथाम अधिनियम, 2009 पारित किया जो अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों के निर्वहन के लिए और विशेषकर भारत से पशुओं से सम्बन्धित निर्यातों को बनाये रखने के लिए आवश्यक हो गया था। वैश्वीकरण भी पशुजन्य रोगों के संक्रमण का एक बड़ा कारण है।

पहले किसी एक देश या महाद्वीप की अपनी बीमारियॉ और अपनी औषधियॉ होती थीं जो वहीं की सभ्यता तक सीमित रहती थीं। आज वैश्वीकरण की वजह से लोगों की यात्राएँ व स्थान परिवर्तन इतने बढ़ गये हैं कि वे अपने साथ अपनी सभ्यता, संस्कार व ज्ञान ही नहीं, रोग संक्रमाक जीवाश्म भी ले जाते हैं। इस रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक है कि हम सब इन रोगों के संक्रमण के प्रति जागरूक हो जायें और अपनी जीवनशैली में आवश्यक सुधार करें। अपने घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों, आदि को स्वच्छ और प्रदूषण रहित रखें, मांसाहारी भोजन को अच्छे से पकायें, पेयजल की स्वच्छता का ध्यान रखें, भोजन और जल को सदैव ढक कर रखें, और विशेशकर मॉसाहार करने के लिए सभी आवश्यक सावधानियॉ बरतें, पालतू पशुओं को आवश्यक टीके लगवायें और उनसे अनावश्यक सान्निध्य से बचें।

# त्रासदी से आहत.. दोषियों को नहीं बख्शेंगे

## हाथरस कांड के बाद पहली बार सामने आए भोले बाबा

**हाथरस।** हाथरस हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। घटना के 4 दिन बाद बाबा सूरजपाल उर्फ भोले बाबा पहली बार सामने आए हैं। बाबा सूरजपाल ने कहा कि इस घटना के बाद वह दुखी हैं। अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा, उन्होंने कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

भोले बाबा ने प्रशासन पर भरोसा बनाये रखने को कहा, हमें इस दुख की घड़ी से लड़ने की शक्ति दें। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए बाबा सूरजपाल ने कहा, 2 जुलाई की घटना के बाद मैं बहुत दुखी हूं। भगवान हमें यह दर्द सहने की शक्ति दे।' कृपया सरकार और प्रशासन पर भरोसा रखें।'



बाबा सूरजपाल ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि जिसने भी अराजकता फैलाई, उसे बख्शा नहीं जाएगा. मैंने अपने वकील एपी सिंह के माध्यम से समिति के सदस्यों से शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ खड़े रहने और जीवन भर उनकी मदद करने का अनुरोध किया है। भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई.

### 'घटना के 4 दिन बाद बाबा सूरजपाल सामने आए'

बाबा सूरजपाल हाथरस हादसे के बाद से लापता थे। इस दुखद घटना के चार दिन बाद वह पहली बार सामने आए हैं, हालांकि हादसे के करीब 30 घंटे बाद बाबा की ओर से एक लिखित बयान जारी किया गया, जिसमें उन्होंने मृतकों के प्रति शोक जताया और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। गुरुवार को जारी अपने लिखित संदेश में बाबा सूरजपाल ने कहा कि कुछ उपद्रवी तत्वों ने यह भगदड़ मचाई, जिसके कारण इतना बड़ा हादसा हुआ।

### 'हाथरस कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया'

हाथरस की इस हृदय विदारक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा चुका है. बाबा सूरजपाल ने अदालत के मामलों की देखरेख के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील एपी सिंह को नियुक्त किया। ये वही एपी सिंह हैं जिन्होंने निर्भया केस की आरोपी सीमा हैदर और 2020 के हाथरस केस के आरोपियों का केस लड़ा था। वहीं हादसे के मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को गिरफ्तार कर लिया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने 7 जुलाई को रविन्द्र भवन में होने वाली भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, शरदेन्दु तिवारी, सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# देवास-भोपाल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने कई गाड़ियां फोड़ी

**देवास।** देवास-भोपाल हाईवे पर बायपास चौराहे से कुछ ही दूर स्थित निजी स्कूल के पास दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। खताम्ब निवासी युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रास्ता जाम कर दिया। इसके बाद से यहां से गुजर रहे कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान भोपाल रोड पर लंबा जाम भी लगा।

जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह निवासी खटाम्बा के घर पर पूजन व पारिवारिक आयोजन था। सुबह वह किसी कार्य से देवास आ रहा था। तभी सीआईए स्कूल के सामने ट्रक ने चपेट में लिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और रास्ता जाम कर दिया। इस दौरान हाईवे से निकल रहे बस-ट्रक में भी लोगों ने तोड़फोड़ कर दी। जाम से भोपाल रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। काफी देर बाद ग्रामीणों को समझाइश देकर जाम खुलवाया गया। बाद में युवक का शव जिला अस्पताल लाया गया।

# उज्जैन, ओंकारेश्वर में बाहर की कंपनिया ऑनलाइन पूजन करवा रही

**उज्जैन।** महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में देश विदेश से आने वाले भक्तों की संख्या दोगुनी से भी अधिक हो गई है। बीते दो वर्षो में बाबा महाकाल के मंदिर में आने वाले भक्तो के साथ साथ मंगलनाथ, काल भैरव, नवग्रह शनि मंदिर, गढ़कालिका, सांदीपनि आश्रम और मंगलनाथ मंदिर में भी भक्तों की संख्या में इजाफा हुआ है। लेकिन जो भक्त अब उज्जैन नहीं पहुंच पा रहे है उनके लिए देश की कई कम्पनियो ने एप और वेब साईट बनाकर अब घर बैठे ऑनलाइन पूजन की व्यवस्था करवाई है। ये पूजन उज्जैन सहित देश के अधिकाँश बड़े मंदिरो में कराए जा रहे है। ख़ास बात ये की इन एप और वेब साईट से बड़ी संख्या भक्त लोग घर बैठे पूजन कर लाभ कमा रहे है।

उज्जैन में भी कई कंपनिया इस तरह से लाइव ऑनलाइन पूजन की व्यवस्था कर रही है और घर बैठे लोगो से पूजन करावा रही है। इससे कई लोगों को रोजगार भी मिला है। उज्जैन में बेंगलोर की श्रीमंदिर नामक कंपनी ने उज्जैन में पूजन की ऑनलाइन रिकॉर्डिंग और लाइव फीड के लिए युवक को हायर किया हुआ है।इसके साथ ही वामा देव दर्शन, पूजन एस्ट्रो उत्सव सहित देश की अन्य कम्पनिया भी अब उज्जैन और ओम्कारेश्वर के साथ साथ उत्तर प्रदेश के भी अलग अलग मंदिरों में पूजन करवा रही है।

**कई बड़े मंदिरों में ऑनलाइन पूजन** – उज्जैन में नवग्रह शनि मंदिर, विक्रांत भैरव, बगला मुखी, गढ़कालिका,



ओम्कारेश्वर, अंजनी पुत्र हनुमान नीलगंगा, बड़ा गणेश, मंगलनाथ मंदिर के साथ साथ उत्तर प्रदेश के हनुमान गड़ी अयोध्या, बटुक भैरव मंदिर काशी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र के माँ लक्ष्मी मंदिर कोल्हापुर में भी लाइव पूजन की व्यवस्था कंपनियों ने की है। श्री मंदिर ने एक व्यक्ति के पूजन के लिए 851 रुपए, दो व्यक्ति के पूजन के लिए, 1251 रुपए, पारिवारिक पूजन के लिए 2001 रुपए, सयुंक्त परिवार पूजन के लिए 3001 रुपए पूजन करवाने की व्यवस्था की है।

# नाबार्ड ने देश के संविधान एवं कानून का मज़ाक बनाकर लाखों किसानों का भविष्य अंधेरे में डाला

**भोपाल।** देश में नाबार्ड को एक ग्रामीण क्षेत्र का प्रमुख विकसोन्मुखी संस्था के रूप मे देखा जाता है, और निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लिए नाबार्ड ने कई उल्लेखनीय कार्य किए है। सरकार की भी नाबार्ड से कई अपेक्षाएँ है, लेकिन सरकार की सारी अपेक्षाओं के विरुद्ध ये संस्था ही वाकई मे ग्रामीण क्षेत्र के दुर्दशा के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2010 से किसानो को संघठित कर उनके लिए फसलों का उत्पादन बढ़ाने और उनके उनके स्तर पर ही प्रसंस्करण करने और व्यवसाय करने के लिए किसान उत्पादक संघठन (एफ़पीओ) बनाने की योजना प्रारम्भ किया, और वर्ष 2015 से इसकी मुख्य ज़िम्मेदारी नाबार्ड को दिया। नाबार्ड की ज़िम्मेदारी थी की ग्रामीण क्षेत्र मे कार्यरत स्वयं सेवी संस्थाएं (एनजीओ) के साथ मिलकर जिला/ ब्लॉक स्तर पर किसानों को संघठित कर उनके एफ़पीओ बनाए जाये, और इस कार्य के लिए प्रति एफ़पीओ रु 30 लाख का प्रावधान किया गया।

नाबार्ड ने एनजीओ के साथ मिलकर एफ़पीओ तो बनाए, और पैसे पूरे खर्च किया, लेकिन ये एफ़पीओ कहाँ है, क्या कार्य कर है, कैसे है की इनको जानकारी नहीं है। पूरे पैसे का बंदर बाँट हो गया, और गाँव के किसान पहले जैसे थे, उससे भी बुरी दशा मे आ गए।

ये तो थी पुरानी (वर्ष 2020 से पहले) की बात। वर्ष 2020-21 मे केंद्र सरकार एक और योजना लेकर आई, 10000 एफ़पीओ बनाने की,




और इसमे पहले चरण के लिए 6600 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया।

पहला चरण मार्च 2024 मे पूरा होना था। एक एफ़पीओ पर सरकार ने रु 43 लाख रुपए का प्रावधान किया था, जिसमे एनजीओ को प्रति एफ़पीओ रु 25 लाख मिलने है। मार्च 2024 तक मे पूरे देश भर मे 10000 एफ़पीओ बनने थे, लेकिन आज की तारीख मे किसी को नहीं मालूम के कितना एफ़पीओ बने और वो कहाँ है, और कैसे है?

भोपाल के एक पूर्व बेंकर और कृषि विशेषज्ञ शाजी जॉन, जो पिछले 10 वर्षो से एफ़पीओ क्षेत्र में काम कर रहे है, ने एसएफ़एसी और नाबार्ड (भोपाल क्षेत्र) से यह जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की कि मध्य प्रदेश मे केंद्र सरकार के 10000 एफ़पीओ योजना मे कितने एफ़पीओ बने है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है? साथ मे और भी जानकारी प्राप्त करने कि कोशिश किया कि इस योजना मे किसको, कितना और कब भुगतान हुआ? पूर्व बैंकर (साथ मे सर्वश्रेष्ठ बैंक प्रबन्धक पुरुस्कृत) होने के नाते उन्हे लेखांकन और ग्रामीण विकास का अच्छा ज्ञान और अनुभव है, और साथ मे वो स्वयं ही सारे सॉफ्टवेर भी बना लेते है।

इस नाते उन्होने नाबार्ड, एसएफ़एसी, कृषि विभाग आदि के उच्च अधिकारियों से एफ़पीओ कि वर्तमान स्थिति और एफ़पीओ को जीवंत बनाने पर चर्चा करने का प्रयास किया। इन सभी संस्थाओं से 30 से अधिक पत्राचार किए, उच्च अधिकारियों से टेलीफ़ोन पर बात करने कि कोशिश किया, मुलाक़ात (दिल्ली तक जाकर) करने कि कोशिश किया, लेकिन सभी प्रयास विफल हो गए है। इन सभी संस्थाओं के उच्च अधिकारियों ने एक साथ मिलकर शाजी जॉन का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

# मप्र में मानसून: छतरपुर में जटाशंकर और शिवपुरी में भदैया कुंड झरना फूटा, श्योपुर में बाढ़

**भोपाल।** प्रदेश के कई जिलों में पिछले 24 घंटे से बारिश हो रही है। श्योपुर में बाढ़ आ गई। राजस्थान के कोटा और बारां से संपर्क भी टूट गया है। छतरपुर के श्री जटाशंकर धाम का झरना और शिवपुरी में भदैया कुंड का झरना फूट गया। ग्वालियर में शुक्रवार रात से बारिश हो रही है। शहर के लोहा मंडी कोटा वाला मोहल्ले में आज सुबह एक खाली मकान की ऊपरी मंजिल गिर गई।



शनिवार को ग्वालियर-चंबल में भारी बारिश का अलर्ट है। प्रदेश के बाकी जिलों में भी पानी गिरेगा। मौसम केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि दो ट्रफ और तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन की एक्टिविटी प्रदेश में देखने को मिल रही है। इस वजह से प्रदेशभर में आंधी और बारिश का मौसम है। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि 7 जुलाई को सिस्टम फिर से स्ट्रॉन्ग होगा। इससे 8 जुलाई से भारी बारिश हो सकती है।



### उफनता नाला पार कर एग्जाम देने पहुंचे छात्र

शिवपुरी जिले के कोलारस रातभर से हो रही बारिश से नाला उफान पर आ गया। कॉलेज के सेकेंड ईयर के छात्रों का एग्जाम है। छात्र रस्सी के सहारे उफनते नाले को पार कर एग्जाम देने कॉलेज पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि गांव से बाहर जाने के कुल तीन रास्ते हैं, लेकिन बारिश के दिनों में सभी रास्ते बंद हो जाते हैं।

### श्योपुर में लोगों का राफ्ट बोट से रेस्क्यू

श्योपुर के बड़ौदा नगर में राफ्ट बोट से लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। पुलिस-प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में जुटी है। श्योपुर में अपमराल नदी उफान पर है। नदी किनारे गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के चारों ओर पानी भर गया। यहां मंदिर के पुजारी संत केशवानंद जी फंस गए, जिन्हें पुलिस प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू किया।